* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

18 फरवरी, 2023
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 121

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

रांची और देवघर में आज धूमधाम से निकलेगी भगवान शिव की बारात





आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



### फलाफल : 'समाधान यात्रा' से किसी समस्या का समाधान तो नहीं हुआ, उल्टे बढ़ गयी मुश्किलें

# सियासत की 'अबूझ पहेली' बन गये हैं नीतीश कुमार

**आजाद सिपाही विशेष**

बिहार के मुख्यमंत्री और 'सुशासन बाबू' के नाम से चर्चित नीतीश कुमार अपनी डेढ़ महीने की 'समाधान यात्रा' खत्म कर पटना लौट गये हैं, लेकिन उनकी समझ में यह नहीं आ रहा है कि इस यात्रा से उन्होंने किस समस्या का समाधान किया। इस यात्रा का कुल फलाफल नीतीश कुमार के लिए यही रहा कि इसने बिहार के सामने कुछ नयी मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। पहले से ही जहरीली शराब और सांप्रदायिक हिंसा की आग में तप रहे बिहार में जातीय हिंसा ने विकराल रूप धारण कर लिया। उस जले पर राजनीतिक मोर्चे पर नीतीश कुमार की जगजाहिर मजबूरियों ने नमक छिड़क कर 'सुशासन बाबू' को भारतीय राजनीति की 'अबूझ पहेली' बना दिया है। नीतीश कुमार को समझ में ही नहीं आ रहा है कि वह अपना अगला कदम कहां रखें। प्रधानमंत्री बनने की अपनी महत्वाकांक्षा को असमय ही काल के गाल में समाता देख नीतीश खुद को 2024 में विपक्षी एकता की धुरी बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब तो ऐसा लगने लगा है कि उनकी यह महत्वाकांक्षा भी दम तोड़ने लगी है। पहले आरसीपी सिंह और फिर उपेंद्र कुशवाहा के अलावा राजद के सुधाकर सिंह और चंद्रशेखर की आलोचनाओं से चौतरफा घिर चुके नीतीश कुमार का अगला कदम क्या होगा, यह देखने वाली बात हो सकती है। फिलहाल तो नीतीश कुमार अपनी यात्रा खत्म करने के बाद थोड़ा सुस्ताने के मूड में नजर आ रहे हैं, लेकिन उन्हें भी यह सवाल जरूर मथ रहा होगा कि उनका अगला कदम क्या होगा। नीतीश के सामने उत्पन्न इसी सवाल का जवाब तलाश रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चार जनवरी से राज्य की 'समाधान यात्रा' पर निकले थे। यह यात्रा 16 फरवरी को समाप्त हो गयी। इस यात्रा का मकसद बिहार के सभी 38 जिलों की यात्रा कर लोगों से बात करना और सरकारी योजनाओं के बारे में उनकी राय जानना था। लेकिन यात्रा की समाप्ति के बाद अब यह सवाल बिहार की राजनीति में तैरने लगा है कि इस यात्रा से नीतीश को क्या हासिल हुआ। सत्तारूढ़ जदयू और राजद के नेताओं के अनुसार समाधान यात्रा अपने मकसद में सौ फीसदी कामयाब रही, लेकिन हकीकत की जमीन पर ये दावे कहीं नहीं ठहरते। इतना जरूर है कि इस यात्रा ने नीतीश कुमार को बिहार की राजनीति में ही बांध कर रख दिया। उनके लिए अब बिहार से बाहर निकलना इतना आसान नहीं होगा। आसान भाषा में कहा जाये, तो इस बार की यात्रा क्यों निकाली गयी, यह समझ से परे है। अब तो ऐसा लगने लगा है कि नीतीश कुमार खुद भी यात्रा के मकसद को लेकर कन्फ्यूज थे। इसलिए माना यही जा रहा है कि यह काफी निराशाजनक यात्रा थी। पिछली यात्रा में नीतीश ने साफ तौर पर शराबबंदी के प्रचार को मुद्दा बनाया था। इस बार वह जदयू और राजद के मतदाताओं को एकजुट कर सकते थे, लेकिन उन्होंने कोई जनसभा तक नहीं की और राजनीतिक सवालों से भी बचते रहे।

**अब तो विपक्षी एकता की धुरी बनने की महत्वाकांक्षा भी फांकने लगी धूल**



नीतीश कुमार ने अपनी इस यात्रा में उपेंद्र कुशवाहा को लेकर बयान तो दिया, लेकिन केंद्र की राजनीति से जुड़े सवालों को वह आमतौर पर टालते दिखे। इससे साफ जाहिर होता है कि यात्रा और अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर नीतीश कुमार पूरी तरह आश्वस्त नहीं हैं। इसलिए कुछ लोगों को ऐसा लगता है कि नीतीश कुमार अपनी आगे की राजनीति के लिहाज से जनता की नब्ज टटोल रहे थे। उन्होंने लोगों से मुलाकात की है और उनकी राय जानी है। अब इसकी समीक्षा करेंगे और फैसले लेंगे।

लेकिन यात्रा की समाप्ति पर मीडिया से बातचीत में नीतीश ने साफ कह दिया कि वह पीएम पद की उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल नहीं हैं। इससे यह भी साफ हो गया कि नीतीश कुमार को बिहार से बाहर निकलने के लिए अभी इंतजार करना होगा, जबकि हकीकत यही है कि उनके पास उतना वक्त नहीं है। नीतीश की इस समाधान यात्रा को अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी से भी जोड़कर देखा जा रहा था। उन्हें इस यात्रा के दौरान विरोधियों के हमले भी झेलने पड़े और उन्हें अपनी ही पार्टी में चल रहे विवाद का भी सामना करना पड़ा। इससे एक बात तो साफ हो गयी कि नीतीश के लिए आगे का रास्ता पूरी तरह निरापद नहीं है।

नीतीश कुमार ने सबसे पहले साल 2005 में राज्य की यात्रा की थी। उसके बाद वह मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे थे। इस बार की यात्रा नीतीश कुमार के लिए बिहार में उनकी राजनीतिक ताकत को समझने के लिए काफी अहम थी, लेकिन इसने उल्टा असर किया है। जहरीली शराब और सांप्रदायिक तनावों की तपिश में झुलस रहे बिहार में जातीय हिंसा ने अपना सबसे भीषण रूप दिखाया। इसने जहां नीतीश कुमार की प्रशासनिक क्षमता पर सवालिया निशान खड़े कर दिये, वहीं सत्तारूढ़ महागठबंधन के घटकों में भी बेचैनी पैदा कर दी है। अब नीतीश कुमार इसकी काट खोजने में लग गये हैं। उनकी इस कोशिश में पलीता लगाने और उनकी राजनीतिक घेरेबंदी करने भाजपा के 'चाणक्य' केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बिहार आ रहे हैं। वह वाल्मीकिनगर और पटना में सभाएं करेंगे। इसलिए अब नीतीश कुमार भी 25 फरवरी को महागठबंधन के सभी बड़े नेताओं के साथ भाजपा के खिलाफ पूर्णिया में रैली करने वाले हैं। यानी आने वाले दिनों में नीतीश कुमार को घरेलू मोर्चे से लेकर विरोधियों तक को जवाब देना है। और इस क्रम में उनके सामने चुनौतियां भी बड़ी होती जायेंगी, यह उन्हें याद रखना होगा।

अब सभी की निगाहें नीतीश के अगले कदम पर टिक गयी हैं। यात्रा के अंतिम चरण में उनकी अमित शाह से हुई बातचीत ने कई तरह की चर्चाओं को जन्म दिया था, लेकिन नीतीश ने इन पर विराम तो लगा दिया है, लेकिन बिहार की मौजूदा राजनीतिक स्थिति में किसी अनहोनी से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। जहां तक नीतीश कुमार की बात है, तो वह खुद ही कह चुके हैं कि वह 2024 के लिए तैयार तो हैं, लेकिन अभी इंतजार करना होगा। इस कथन का क्या मतलब निकलता है, यह तो नीतीश ही जानें, लेकिन इतना तय है कि उन्हें पता चल गया है कि विपक्षी एकता की धुरी बनने की उनकी महत्वाकांक्षा अब धरातल पर नहीं उतर सकती। अपने मित्र और 'बड़े भाई' लालू यादव की दिल्ली वापसी के बावजूद नीतीश कुमार उतने कॉनफिडेंट नजर नहीं आ रहे, जितने कुछ दिन पहले थे।

### रामगढ़ में महागठबंधन दल के नेताओं का जुटान, कांग्रेस अध्यक्ष ने विपक्ष पर बोला हमला

## जो सरकार नहीं गिरा पाये, भाजपा ने उन्हीं को गिरा दिया : राजेश ठाकुर

बीरू कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में यूपीए उम्मीदवार बजरंग महतो की जीत सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को महागठबंधन दल के नेताओं का जमावड़ा लगा। यहां कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भाजपा पर काफी हमलावर दिखे। उन्होंने राज्यपाल के तबादले पर कहा कि जो सरकार नहीं गिरा पाये, भाजपा ने उन्हीं को गिरा दिया। शुक्रवार को महागठबंधन के नेताओं ने एक स्वर में कहा कि ममता देवी को एक बड़ी साजिश के तहत सजा दिलायी गयी है। लेकिन सबसे बड़ी अदालत जनता की अदालत है और उस अदालत में ही इस परिवार को अब न्याय मिलेगा।

**एक बड़ी साजिश रची गयी : राजेश :** बैठक में शामिल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि रामगढ़ की जनता ने 5 साल के लिए ममता देवी को विधायक बनाया था। लेकिन आंदोलन की उपज को नष्ट करने के लिए एक बड़ी साजिश रची गयी। आज हम सभी आंदोलन से उभरे हुए नेता एकजुट हुए हैं, ताकि आजसू नेता चंद्रप्रकाश चौधरी के घमंड को चूर किया जाये।




**मां जेल में है, पिता जनता के बीच में हैं, और बेटा घर में बिलख रहा है : बंधु तिर्की**

पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि ममता का पूरा परिवार बिखर गया है। मां जेल में है, बाप जनता के बीच में है, और बेटा घर में बिलख रहा है। इसके बाद भी जनता का दिल जीतने के लिए पूरा परिवार संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि आजसू और भाजपा के नेता जादूगर की तरह अपनी मायाजाल फैला रहे हैं। लेकिन यहां की जनता मायाजाल में फंसने वाली नहीं है।

**सरकारी तंत्र ने ममता देवी को फंसाने के लिए बड़ी साजिश रची : भुवनेश्वर**

पूर्व विधायक भुवनेश्वर मेहता ने कहा कि मैं ममता देवी को 12 वर्षों से जानता हूं। जब वामदलों ने भैरवा जलाशय के खिलाफ आंदोलन छेड़ा था, तभी ममता देवी वहां जनता की लड़ाई लड़ रही थीं। उन्होंने कहा कि आइपीएल के बाहर जब गोली चली थी, तब सरकारी तंत्र ने ममता देवी को फंसाने के लिए बड़ी साजिश रची। आज वे सफल भी हुए हैं। लेकिन जनता उनका न्याय करेगी।

**जनता ने भाजपा और आजसू गठबंधन के उम्मीदवार को हराने का मन बना लिया है : रमेंद्र**

बैठक में पूर्व सांसद रमेंद्र कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार जनता का पैसा अदाणी को देकर पूरी दुनिया में देश का नाक कटवा चुकी है। रामगढ़ में भी जनता ने भाजपा और आजसू गठबंधन के उम्मीदवार को हराने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ में आजसू का जबरिया टैक्स कोई बर्दाश्त नहीं करेगा।

**आइपीएल आंदोलन के गवाहों को खरीदा गया : योगेंद्र महतो**

पूर्व विधायक योगेंद्र महतो ने कहा कि चंद्रप्रकाश चौधरी की वजह से रामगढ़ में उपचुनाव हो रहा है। पूरे सरकारी तंत्र का इस्तेमाल कर जिस तरीके से आइपीएल आंदोलन के गवाहों को खरीदा गया। उनको अपनी गाड़ी में घुमाकर कोर्ट तक पहुंचाया गया। यह सारी बात जनता जानती है। उन्होंने अपनी पत्नी को विधायक बनाने के लिए अपने पैसे की ताकत का इस्तेमाल किया है। लेकिन जनता अब आजसू टैक्स को बंद कर ममता देवी को वोट देगी। उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र में आजसू के स्थानीय नेता गायब हो गये हैं।

## मंत्री चंपई सोरेन की तबीयत बिगड़ी



**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य के आदिवासी कल्याण और परिवहन मंत्री चंपई सोरेन की तबीयत शुक्रवार को बिगड़ गयी, जिसके बाद सदर अस्पताल के डॉक्टरों की टीम उनके मोरहाबादी स्थित आवास पहुंचकर जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि जनवरी माह में भी चंपई सोरेन का शुगर लेवल कम हो गया था, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए जमशेदपुर के टीएमएच हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। सेहत में सुधार नहीं होता देख उन्हें एयर एंबुलेंस से इलाज के लिए चेन्नई ले जाया गया था। तीसरी बार चंपई का इलाज चेन्नई में किया गया था।

G20 भारत 2023 INDIA
भारतीय रेल
"सार्वजनिक सूचना"
आज़ादी का अमृत महोत्सव

रेलवे एवं परिसरों के सभी उपभोक्ताओ को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज ए. सी. सिरोपरि कर्षण तारो को खंड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या उसके बाद में ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख को और उस तारीख से सिरोपरि कर्षण लाइन को सभी समय हमेशा के लिए विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उस सिरोपरि लाइन के समीप दाखिल होने या काम करने नहीं जाएगा।

| सेक्शन (खण्ड) | मण्डल (डिवीजन) | दिनाँक |
|---|---|---|
| लखनऊ मण्डल, उत्तर रेलवे के अंतु (सहित) से प्रतापगढ़ (रहित) रेल खंड का दोहरीकरण का विद्युतीकरण शिरोपरि कर्षण तारों की लोकेशन सं. Km 921/24-25 (CH: Km 921/615.000) से Km Km 901/25-26 Km (CH: Km 901/577.500) तक सम्बंधित टर्न आउट एवं क्रॉस ओवर तथा सहायक परिणामित्र एवं जगेशरगंज एसएसपी में परिवर्तन के साथ किया जायेगा। | लखनऊ | 01.03.2023 |

उप मुख्य विद्युत् अभियंता (निर्माण)
उ. रे. लखनऊ

के वी ट्रैक्शन लाइन का आरंभ 25
सड़क "उपयोगकर्ताओं हेतु अधिसूचना"

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रेल खंड **"लखनऊ मण्डल, उत्तर रेलवे के अंतु (सहित) से प्रतापगढ़ (रहित) रेल खंड का दोहरीकरण का विद्युतीकरण शिरोपरि कर्षण तारों की लोकेशन सं. Km 921/24-25** (CH: Km 921/615.000) **से Km Km 901/25-26 Km** (CH: Km 901/577.500) **तक सम्बंधित टर्न आउट एवं क्रॉस ओवर तथा सहायक परिणामित्र एवं जगेशरगंज एसएसपी में परिवर्तन के साथ किया जायेगा"** पर 25 केवी विद्युत ट्रैक्शन का शुभारंभ किया जाएगा। सभी समपार फाटक हाइट गेज़ का निर्माण सड़क की सतह से स्पष्ट अधिकतम ऊंचाई **4.78** मीटर पर अत्यधिक ऊंचाई भारो को ट्रैक्शन लाइन **(कांटेक्ट तार), जो की समपार फाटक पर रेल लेवल से 5.5 मीटर न्यूनतम ऊंचाई पर हो,** के खतरनाक संपर्क में आने से बचाव के उद्देश्य से किया गया है।

"एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारित वाहनों के लिए उर्युक्त निर्धारित ऊंचाई का अवलोकन करें तथा यह भी ध्यान रखें कि सड़क वाहनों में लदा हुआ भार हाइट गेज में किसी भी परिस्थिति में न टकराए।
अधिक ऊँचे भार से निम्न खतरे है:
1. हाइट गेज को नुकसान और तत्पश्चात सड़क व रेल लाइन का अवरोध।
2. स्वयं वाहन अथवा ले जाये जाने वाले सामान अथवा उपकरण को ख़तरा।
3. बिजली के तारों से संपर्क अथवा खतरनाक समीपता के कारण आग फैलने व जान माल को ख़तरा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण)
उत्तर रेलवे, लखनऊ

No.: 124/Elect./C/Dy.CEE/LKO/ Warning/05
Date:- 13.02.2023 515/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### एनडीए गठबंधन ने की चुनाव संचालन समिति की बैठक, कई दिग्गज हुए शामिल

## झूठ और भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है झारखंड सरकार : दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** उपचुनाव को लेकर एनडीए गठबंधन के घटक दलों ने चुनाव संचालन समिति के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक शुक्रवार को पटेल छात्रावास के सभागार में की। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने की। जबकि संचालन आजसू विजय कुमार साहू एवं धन्यवाद ज्ञापन भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व प्रत्याशी रामगढ़ विधानसभा रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि ये एक संकल्प बैठक है। जिसमें हम भ्रष्टाचारी और जनविरोधी कांग्रेस समर्थित सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेंगे। सत्ता में आने के लिए इन्होंने झारखंड के युवाओं से रोजगार और बेरोजगारी भत्ता देने का वायदा किया। पर सत्ता मिलते ही रोजगार और भत्ता देना तो दूर उन्होंने रघुवर दास की सरकार में स्पेशल फोर्स और सहिया दीदी के रूप में युवाओं को मिले रोजगार को भी छीनने का काम किया है।

**अबकी बार डेढ़ लाख पार मिशन को पूरा करना है: कर्मवीर सिंह**

संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि हर एक कार्यकर्ता सिर्फ उनको मिले जिम्मेवारी को अगर निभाएं और अपने पन्ना प्रमुख और बूथ कमिटी के साथ अपने अपने बूथ पर ज्यादा से ज्यादा मतदान करवायें तो एनडीए गठबंधन प्रत्याशी सुनीता चौधरी डेढ़ लाख से ज्यादा मत प्राप्त कर बहुमत से जीत दर्ज करेंगी। इसका श्रेय भी आप सभी कार्यकर्ताओं को जायेगा। राज्यसभा सांसद सह उपचुनाव प्रभारी आदित्य साहू ने कहा कि एनडीए घटकदल के सभी कार्यकर्ताओं को अपना बूथ सबसे मजबूत वाले तर्ज पर इस उपचुनाव को जीतना है।




**हर कार्यकर्ता को मिलेगा बराबर सम्मान : सुदेश महतो**

सभा को संबोधित करते हुए आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने सधे शब्दों में कहा कि ये समय इस पर चर्चा करने का नहीं है कि मुझे सम्मान या कुर्सी नहीं मिली। बल्कि अभी इकट्ठे होकर बूथ लेवल तक अपनी तैयारी को पहुंचाने की है जिसके लिए भाजपा जानी जाती है। उन्होंने कर्मवीर सिंह और प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश का नाम लेते हुए कहा कि भाजपा के ये पुराने और अनुभवी नेताओं का मार्गदर्शन हम सभी राजनीतिक कार्यकर्ताओं को ग्रहण करने की जरूरत है।

**बैठक में प्रमुख नेता हुए शामिल**

बैठक में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, आजसू प्रवक्ता सह उपचुनाव प्रभारी देवशरण भगत सहित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राज्यसभा सांसद सह उपचुनाव प्रभारी आदित्य साहू, विरांची नारायण, जेपी पटेल, कुशुन दास, मनीष जायसवाल, समरीलाल, कोचे मुंडा, लंबोदर महतो, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, राकेश प्रसाद सहित भाजपा के रामगढ़ जिला प्रभारी शशिभूषण भगत शामिल हुए। रामकुमार पाहन, जीतू चरण राम, रोहित लाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य टुन्नू गोप, नारायण चंद्र भौमिक, डॉ संजय सिंह, अमरेंद्र गुप्ता, प्रकाश मिश्रा, रंजित सिन्हा, प्रो.आलोक सिंह, प्रो.संजय सिंह, रविंद्र शर्मा, उमेश प्रसाद, महामंत्री खिरोधर साहू, छोटन सिंह, वसुद तिवारी, कोषाध्यक्ष दीनदयाल कुमार, राजीव, मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, संतोष शर्मा, प्रवीण सोनू, धीरज साहू, विजय जयसवाल, रोबिन गुप्ता, मणिशंकर ठाकुर, रणधीर गुप्ता, कार्तिक महतो सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

www.epaper.azadsipahi.in

18 फरवरी, 2023
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 121

शिंदे गुट की हुई शिवसेना, तीर-कमान निशान भी मिला : चुनाव आयोग बोला- उद्धव गुट ने बिना चुनाव लोग नियुक्त किये पार्टी निजी जागीर बन गयी











## महाशिवरात्रि पर शिव बारात को लेकर सख्ती बरकरार

# देवघर में प्रशासन के तय रास्ते निकलेगी बारात तो पांकी में आयोजन पर लगी रोक

- हाइकोर्ट ने देवघर मामले में सांसद की मांग ठुकराई
- पांकी में धारा 144 लागू इंटरनेट सेवा भी बंद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शिवरात्री आज है। इस मौके पर राज्य के अलग-अलग जिलों में कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होता है। कई जिलों में शिव बारात निकाली जाती है। इस बार देवघर और पलामू के पांकी में शिव बारात पर प्रशासन ने सख्त रास्ता अपनाया है।

देवघर में शिव बारात को लेकर प्रशासन के निर्देश के खिलाफ हाइकोर्ट में सांसद निशिकांत दुबे ने याचिका दायर की थी। कोर्ट ने सांसद की मांग को ठुकरा दिया और कहा कि प्रशासन द्वारा तय रूट से ही शिव बारात निकलेगी। वहीं, शिवरात्रि से तीन दिन पहले पलामू के पांकी में दो गुटों के बीच हुए टकराव को देखते हुए प्रशासन ने शिव बारात निकालने पर रोक लगा दी है।

**हाइकोर्ट ने सुनाया फैसला :** देवघर में शिव बारात पर झारखंड हाइकोर्ट ने फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने देवघर उपायुक्त को निर्देश दिया है कि वह स्थिति स्पष्ट करें। हाइकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में शुक्रवार को सुनवाई के दौरान देवघर डीसी से मोबाइल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बात भी की गयी। कोर्ट ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा देवघर में शिव बारात निकाले जाने का रास्ता नहीं बदला जा सकता है। क्योंकि, जिला प्रशासन ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से वर्षों से यह रास्ता तय कर रखा है। केवल कोविड के तीन वर्षों के दौरान यह रास्ता नहीं लिया गया था। इसलिए याचिकाकर्ता की ओर से शिव बारात का रास्ता बदलने के आग्रह पर कोर्ट हस्तक्षेप नहीं कर सकता है।

डीसी ने कोर्ट को बताया कि धारा 144 शिव बारात के रास्ते पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से लगाया गया है। शिव बारात के सुरक्षा को लेकर देवघर जिला प्रशासन को कुछ आउटपुट मिला था, इसे लेकर धारा 144 लगाया गया। ऐसा नहीं है कि पूरे देवघर में धारा 144 होने से पांच या छह आदमी एक साथ एकत्रित नहीं हो सकते हैं। कोर्ट ने समाचार पत्रों एवं अन्य संचार माध्यमों के माध्यम से देवघर डीसी को आज से ही यह जानकारी प्रसारित करने को कहा है कि देवघर में कहीं भी सीमित संख्या में लोगों के रहने को लेकर धारा 144 जैसा आदेश लागू नहीं है। साथ ही कोर्ट ने कहा है कि महाशिवरात्रि पर निकलने वाले शिव बारात के दौरान प्रशासन की ओर से लगायी गयी धारा 144 आम लोगों पर लागू नहीं होगी। हालांकि, प्रशासन ने जो रूट तय किया है, उसी रूट से शिव बारात निकलेगी।



### पांकी में नहीं निकलेगी शिव बारात

पलामू के पांकी में लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को भी धारा 144 सख्ती से लागू है। डीसी ए. दोड्डे और एसपी चंदन सिन्हा समेत कई आलधिकारियों ने मस्जिद चौक का जायजा लिया और स्थिति की समीक्षा की। इसके बाद अधिकारियों ने पांकी में शिव बारात नहीं निकालने का निर्णय लिया है। पांकी में महाशिवरात्रि को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को और चौक-चौबंद कर दी गयी है। सुरक्षाबलों की 10 कंपनियों को तैनात किया गया है। इसमें महिला जवानों को भी शामिल किया गया है। ड्रोन से पूरे इलाके पर नजर रखी जा रही है। गौरतलब है कि पांकी में तोरण द्वार बनाने को लेकर बुधवार को हिंसा भड़क गयी थी। दो समुदाय के लोग आपस में भिड़ गये थे। पत्थरबाजी में कई पुलिसकर्मी समेत आम लोग भी घायल हुए थे। स्थिति को सामान्य करने को लेकर धारा 144 लगा दिया गया, वहीं इंटरनेट सेवा को 19 फरवरी तक के लिए बंद कर दिया गया है। डीसी ने बताया कि पांकी में स्थिति पूरी तरह से सामान्य है, लेकिन धारा 144 में फिलहाल कोई ढील नहीं दी गयी है। वहीं एसपी ने बताया कि मामले में अभी तक कुल 13 लोगों को जेल भेजा गया है। डीसी और एसपी से लोगों से शांति बनाये रखने और सहयोग करने की अपील की है।

## सीएम हेमंत सोरेन से मिले केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रह्लाद जोशी

# रांची विश्वविद्यालय में पुस्तकालय और महगामा में बनेगा अस्पताल




- सीसीएल और इसीएल के साथ दो एमओयू पर हुआ हस्ताक्षर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय स्थित मोरहाबादी कैंपस में पांच हजार विद्यार्थियों की क्षमता का राज्य स्तरीय पुस्तकालय बनाया जाएगा। कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड्स (सीसीएल) द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) मद से इस पुस्तकालय का निर्माण होगा। वहीं इस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (इसीएल) द्वारा गोड्डा स्थित महगामा में 300 बेड की आधुनिक सुविधा युक्त अस्पताल निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी की उपस्थिति में झारखंड सरकार और सीसीएल व इसीएल के बीच एमओयू हुआ।

**300 बेड की प्रस्तावित अस्पताल की विशेषताएं :** इसीएल गोड्डा जिला स्थित महागामा में 300 शैय्या की आधुनिक सुविधा युक्त अस्पताल निर्माण किया जाएगा। इस अस्पताल में ओपीडी क्षेत्र और अन्य संबंधित बुनियादी ढांचे के साथ एक जी+3 अस्पताल भवन का निर्माण किया जाएगा। आइसीयू और अन्य सुविधाओं के साथ मल्टी स्पेशियलिटी मेडिकल यूनिट की सुविधा होगी। अस्पताल की सभी सुविधाएं, आवश्यक चिकित्सा उपकरणों के साथ आवासीय भवन का निर्माण होगा।

**मुख्यमंत्री ने किया स्वागत :** इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रह्लाद जोशी को शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट की। प्रह्लाद जोशी ने भी हेमंत सोरेन को शॉल ओढ़ाकर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक महागामा दीपिका पांडे सिंह, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, खान सचिव अबू बकर सिद्दीकी, सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद, डायरेक्टर पर्सनल हर्ष नाथ मिश्रा, जीएम सीएसआर एल बालाकृष्णा, नोडल अधिकारी शंकर झा, इसीएल के वेलफेयर एवं सीएसआर जीएम बीके झा, सीएमडी एपी पंडा, निदेशक कार्मिक आहूति स्वाईं सहित राज्य सरकार के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### दो एकड़ में बनेगा पुस्तकालय

रांची विश्वविद्यालय में बनने वाला राज्यस्तरीय पुस्तकालय करीब दो एकड़ भूमि पर बनेगा। इसके निर्माण में करीब 62.43 करोड़ खर्च किये जायेंगे। पुस्तकालय का भवन जी प्लस 5 होगा। निर्माण कार्य को लगभग 2 वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य है। राज्य स्तरीय पुस्तकालय भवन में 6 लिफ्ट, कॉन्फ्रेंस हॉल, रेफरेंस बुक सेक्शन, रिपोर्ट और न्यूज पेपर सेक्शन, डिजिटल लाइब्रेरी सेक्शन, बिजली उत्पादन के लिए सोलर रूफटॉप पैनल, एसटीपी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, पार्किंग, मॉड्यूलर फर्नीचर, मेडिटेशन सेंटर, कैफेटेरिया/कैंटीन आदि की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। लाइब्रेरी बनने से प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को लाभ मिलेगा।

## झारखंड हाइकोर्ट के नये मुख्य न्यायाधीश बने जस्टिस संजय कुमार मिश्रा



**रांची (आजाद सिपाही)।** उत्तराखंड हाइकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार मिश्रा को झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है। इस संबंध में भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस संजय कुमार मिश्रा के नाम की अनुशंसा झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस के लिए केंद्र सरकार से की थी। अभी झारखंड हाइकोर्ट में एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में अपरेश कुमार सिंह कार्य कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 13 दिसंबर 2022 को जस्टिस संजय कुमार मिश्रा के नाम की अनुशंसा झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस के लिए केंद्र सरकार से की थी।

## पतरातू लेक रिसोर्ट 22 फरवरी से 4 मार्च तक आमलोगों के लिए बंद

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची में दो-तीन मार्च को जी-20 की बैठक प्रस्तावित है। बैठक में शामिल जी-20 देशों के प्रतिनिधि पतरातू डैम का आनंद लेने भी जा सकते हैं। ऐसे में पर्यटन निदेशालय, झारखंड ने पतरातू लेक रिसोर्ट को 11 दिनों तक आम लोगों के लिए बंद रखने का फैसला किया है। इस संबंध में निदेशालय की ओर से शुक्रवार को सूचना भी जारी कर दी गयी है। इसके मुताबिक जी-20 समिट को देखते रामगढ़ जिला स्थित पतरातू लेक रिसोर्ट को 22 फरवरी से 4 मार्च तक बंद रखा जाएगा। इस अवधि में आम लोगों के लिए लेक रिसोर्ट एरिया पूरी तरह से बंद रहेगा। इस बीच रिसार्ट के साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण आदि किया जा रहा है। जिससे देश-विदेश के अतिथि यहां आनंद उठा सकें। गौरतलब है कि रांची में जी-20 समिट को देखते राज्य सरकार और रांची जिला प्रशासन रांची नगर निगम के साथ मिलकर तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगी है।

# नये राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन पहुंचे रांची, आज लेंगे शपथ

- पूर्व राज्यपाल रमेश बैस गये महाराष्ट्र
- मुख्यमंत्री, मंत्री समेत राज्य के अधिकारी मौके पर रहे मौजूद





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल (मनोनीत) सीपी राधाकृष्णन शुक्रवार को रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। इससे पहले निवर्तमान राज्यपाल रमेश बैस को विदाई दी गयी। वह महाराष्ट्र के लिए रवाना हुए। राधाकृष्णन शनिवार को झारखंड और बैस महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में शपथ लेंगे।

**नये राज्यपाल ने भगवान बिरसा को दी श्रद्धांजलि :** सीपी राधाकृष्णन का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यगण, महापौर आशा लकड़ा के अलावा मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण ने एयरपोर्ट पर स्वागत किया। सीपी राधाकृष्णन आज रात्रि विश्राम राजकीय अतिथिशाला में करेंगे। एयपोर्ट से राजकीय अतिथिशाला जाने के क्रम में उन्होंने बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राधाकृष्णन शनिवार को सुबह करीब 11:30 बजे राजभवन स्थित बिरसा मंडप में राज्यपाल की शपथ लेंगे। झारखंड हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह उन्हें शपथ दिलायेंगे।

**चार्टर प्लेन से रवाना हुए बैस:** रांची एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई नेताओं और अधिकारियों ने निवर्तमान राज्यपाल रमेश बैस को विदाई दी। बैस चार्टर प्लेन से रायपुर के लिए रवाना हुए। वहां से महाराष्ट्र जायेंगे। वह भी शनिवार को ही महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में शपथ ले रहे हैं।

**मुख्यमंत्री ने ट्विट पर भी किया स्वागत :** नये राज्यपाल के रांची आगमन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट के जरिए भी उनका स्वागत किया है। उन्होने लिखा है कि 'जोहार आदरणीय सीपी राधाकृष्णन जी! नवनियुक्त माननीय राज्यपाल के रूप में झारखंड की वीर भूमि में आपका हार्दिक स्वागत और अभिनंदन है।'

## अरगोड़ा थानेदार को इडी का समन 23 को फिर बुलाया

**रांची (आजाद सिपाही)।** अरगोड़ा थानेदार विनय कुमार को इडी ने फिर समन जारी किया है। थाना प्रभारी को 23 फरवरी को इडी के कार्यालय में हाजिर होने को कहा गया है। थानेदार पर आरोप है कि 31 जुलाई 2022 को अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर कांग्रेस के तीन विधायकों के खिलाफ जीरो एफआइआर दर्ज किया था। एफआइआर कांग्रेस के बेरमो विधायक अनूप सिंह ने दर्ज कराया था। अनूप सिंह का आवास अरगोड़ा थाना में नहीं है। अपने क्षेत्र से बाहर जाकर थाना प्रभारी ने प्राथमिकी दर्ज की है। इसी सिलसिले में उनसे पूछताछ की जायेगी और यह जानने का प्रयास किया जायेगा कि किसके निर्देश पर थाना प्रभारी ने नियम विरुद्ध केस किया था। अनूप सिंह ने जो मामला दर्ज कराया था, उसमें कांग्रेस के तीन विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी शामिल हैं। इन पर सरकार गिराने में शामिल होने का आरोप है। इन तीनों के पास बंगाल में 48 लाख रुपये मिले थे।

# आइपीएल 2023 का शेड्यूल जारी, मार्च से मई तक होंगे मैच

- गुजरात और चेन्नई के बीच 31 मार्च को पहला मुकाबला, 28 मई को होगा फाइनल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के 16वें सीजन का शेड्यूल जारी हो गया है। डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच 31 मार्च को पहला मुकाबला खेला जायेगा। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ये मैच होगा। 28 मई को फाइनल मुकाबला खेला जायेगा।

**18 डबल हेडर होंगे :** टूर्नामेंट में कुल 18 डबल हेडर होंगे, यानि कि 18 बार एक दिन में दो मैच होंगे। इस दौरान पहला मैच दोपहर 3:30 बजे और दूसरा मैच शाम 7:30 बजे से शुरू होगा। 31 मार्च को गुजरात और चेन्नई के बीच पहले मुकाबले के बाद एक और 2 अप्रैल को दो डबल हेडर होंगे। एक अप्रैल को पंजाब-कोलकाता के बीच पहला और लखनऊ-दिल्ली के बीच दूसरा मुकाबला होगा। वहीं, दो अप्रैल को सनराइजर्स-राजस्थान के बीच पहला और बेंगलुरु-मुंबई के बीच दूसरा मुकाबला होगा। आठ अप्रैल को टूर्नामेंट की दो सबसे सफल टीमें मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच मुकाबला होगा।

**58 दिन में 74 मुकाबले होंगे :** 58 दिन तक चलने वाले टूर्नामेंट में 10 टीमों के बीच कुल 74 मैच होंगे। एक टीम 14 मैच खेलेगी, 7 अपने घर पर 7 विपक्षी टीम के घर पर रहेंगे। 10 टीमों के बीच लीग स्टेज के 70 मुकाबले होंगे। लीग स्टेज के बाद पॉइंट्स टेबल की टॉप-4 टीमें प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करेंगी।

**12 शहरों में होंगे सभी मैच :** टूर्नामेंट के 74 मैच 12 अलग-अलग शहरों में होंगे। आइपीएल टीमों के 10 शहरों के अलावा गुवाहाटी और धर्मशाला भी मुकाबले होंगे। आइपीएल टीमों के 10 शहर मुंबई, चेन्नई, अहमदाबाद, जयपुर, बेंगलुरु, लखनऊ, हैदराबाद, दिल्ली, मोहाली और कोलकाता रहेंगे।

**3 साल बाद होम-अवे फॉर्मेट में होंगे मैच :** कोरोना वायरस महामारी के कारण 2020 में आइपीएल का आधा सीजन भारत और आधा यूएइ में कराना पड़ा था। 2021 का सीजन भी यूएइ में ही खेला गया। पिछले सीजन के 70 लीग मैच महराष्ट्र के मुंबई और पुणे शहरों में बने 4 स्टेडियम में खेले गये। फिर कोलकाता और अहमदाबाद में प्लेऑफ मुकाबले हुए थे। इस बार 2019 के सीजन की तरह होम और अवे फॉर्मेट में सभी मुकाबले खेले जाएंगे। यानि कि टूर्नामेंट की सभी टीमें लीग स्टेज के 14 में से 7 मुकाबले अपने घर और बाकी 7 मुकाबले विपक्षी टीम के घर में खेलेगी। प्लेऑफ मुकाबले न्यूट्रल वेन्यू पर खेले जायेंगे।




## झुमरी तिलैया में तीसरे दिन भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान रहे बंद



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखण्ड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन संवर्धन और सुविधा विधेयक 2022 के विरोध में झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के आहवान पर झुमरीतिलैया में राज्यव्यापी अनिश्चितकालीन हडताल के तीसरे दिन शुक्रवार को भी बंद का असर देखने को मिला। शहरी इलाके में स्टेशन रोड, झंडा चौक, हटिया रोड, माईका गली, रांची पटना रोड की खाद्यान्न के दुकानें स्वतः स्फुर्त बंद रही। कोडरमा जिला के खाद्यान्न व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानों को बंद रखकर कृषि कानून का विरोध जताया। शुक्रवार को व्यापारियों ने धरना दिया और कहा कि भले ही छोटे प्रतिष्ठान खुल जाये लेकिन थोक दुकानों में आवक कोडरमा जिला में बंद रहेगा जबतक कृषि कानून वापस नहीं लिया जायेगा। व्यापारिक संघ के अध्यक्ष श्याम सुंदर माहेश्वरी, सचिव सचिन कुमार बॉबी ने कहा कि झारखण्ड के कृषि मंत्री को इस ओर शीघ्र ध्यान देने की जरूरता है।

## मांगों को लेकर आइएमए और झासा ने सौंपा ज्ञापन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को राज्य आईएमए एवं झासा के आहवाहन पर आज कोडरमा जिले में दोनो संगठनों ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री के नाम अपनी छह सूत्री माँगों का ज्ञापन कोडरमा जिला परिषद के अध्यक्ष श्री रामधन यादव एवं पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी गुप्ता को सौंपा। इनमें तीन प्रमुख माँगों की यथा शीघ्र लागू किया जाय नही तो राज्य भर के चिकित्सक चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। पहली प्रमुख माँग है कि क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट में संशोधन किया जाय और 50 बेड से कम वाले अस्पलाल और नर्सिंग होम को इस कानून से मुक्त किया जाए, ताकि सुदूरवर्ती क्षेत्रो में भी आमजनों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराया जा सके। दूसरी माँग है कि मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट को लागू किया जाय, यह कानून देश के 20 राज्यो में लागू है, क्योंकि जब चिकित्सक और चिकित्साकर्मी सुरक्षित रहेंगे तभी समुचित इलाज किया जा सकेगा और लोगो को अस्पताल में तोड़ फोड़ और चिकित्सको के साथ दुर्व्यवहार करने के लिए मन मे कानून का डर होना जरूरी है। तीसरी महत्वपूर्ण माँग है कि सरकार द्वारा जैसे पुलिस कर्मियों को आकस्मिक सेवा का हवाला देते हुए बायोमेट्रिक उपस्थिति से मुक्त किया गया है उसी प्रकार चिकित्सक भी आकस्मिक सेवा के महत्वपूर्ण किरदार है ।

## विद्यालयों में प्री-बोर्ड की परीक्षा ली गयी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आगामी मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा में कोडरमा जिले के छात्र-छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोजेक्ट रेल 2.0 के तहत जिले के सभी विद्यालयों में प्री-बोर्ड परीक्षा लिया गया। आज प्री-बोर्ड परीक्षा के तहत 10वीं के छात्र-छात्राओं का सामाजिक विज्ञान एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं का विज्ञान से गणित, जीव विज्ञान, वाणिज्य संकाय से ईटीपी औ? कला संकाय से राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान विषय का परीक्षा लिया गया। प्रोजेक्ट रेल के तहत हो रहे इस प्री-बोर्ड परीक्षा में जिले के सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल हुये। सभी विद्यालयों में प्रथम पाली में 10वीं और दूसरी पाली में 12वीं की छात्र-छात्राओं का परीक्षा संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि प्रश्नपत्र का पैंटर्न मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा को ध्यान में रखकर शिक्षकों की गठित टीम द्वारा तैयार किया गया।

## भर्ती कैम्प में 38 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला नियोजन पदाधिकारी, कोडरमा मो. इमरान फारूकी के मार्गदर्शन में जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा के कार्यालय परिसर में ह्यझारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत स्थानीय नियोजन नीति के तहत स्थानीय बेरोजगार उम्मीदवारों को लाभ प्रदान करने के लिए दो दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 38 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। मो इमरान फारूकी, जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 के अनुपालन के क्रम में स्थानीय उम्मीदवारों को अधिक से अधिक नियोजन निजी क्षेत्र में प्रदान करवाने के उद्देष्य से जिला नियोजनालय प्रयासरत है। भर्ती कैम्प में जिला नियोजनालय, कोडरमा कार्यालय के अनिल प्रसाद, उव लिपिक, अभिषेक, यंग प्रोफेशनल, राजकुमार यादव, कम्प्युटर ऑपरेटर, प्रेम शंकर, अविनाश कुमार एवं सचिन कुमार, सुरक्षा प्रहरी का भी सहयोग रहा।

## चोरी हुई बोलेनो को पुलिस ने किया बरामद, दो आरोपी गये जेल




**झुमरीतिलैया(आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत होटल सागर के समीप से विगत 14 फरवरी को सुबह चोरी हुए बोलेनो जेएच 01 ईएल 3314 को पुलिस ने 15 फरवरी को भोंडो जंगल से पास से बरामद कर लिया। इस संबंध में शुक्रवार को तिलैया थाना में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में एसआई मुकेश कुमार ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें सुजीत कुमार, पिता कारु ठाकुर, साकिन कलाली रोड, गैस गोदाम गली, शिव मंदिर के पास वार्ड नंबर 23 एवं अभिषेक पांडेय पिता बिरेंद्र पांडेय साकिन गांधी स्कूल रोड, वार्ड नंबर 24 शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 13-14 फरवरी रात्रि उक्त कार मालिक की चाबी रास्ते में गिर गई थी, जिसे टोटो चलाने वाले सुजीत कुमार ने ब्रेकअप टी स्टॉल के पास से पाया था। चाबी को ऑन करने पर उसे गाड़ी के बारे में पता चल गया। 14 फरवरी की सुबह लगभग 8 बजे उन लोगों के द्वारा वहां से गाड़ी चुरा ली गई एवं महाराणा प्रताप चौक होते हुए बांझेडीह पावर प्लांट के समीप गाड़ी को लगा दिया गया। बाद में कुछ लोगों के द्वारा गाड़ी हटाने को कहने पर उन लोगों ने उस गाड़ी को भोंडो जंगल में जाकर लगा दिया।

## वृंदा शिव मंदिर प्रांगण में 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन का आयोजन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अंतर्गत ग्राम वृंदा शिव मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों के सहयोग से 24 घंटा का अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया। अखंड हरिकीर्तन शुरू होने से पूर्व हनुमान जी का ध्वजारोहण अजय पांडे के द्वारा मंत्रोच्चारण कर किया गया। वहीं शिव जी का पूजा धूमधाम से किया गया। पुजारी महादेव यादव एवं उनकी धर्मपत्नी शांति देवी 24 घंटा पूजा हेतु संकल्पित रही। अखंड हरी कीर्तन में ग्राम लरियाडीह, अनंतडीह, गरहाई, नईटांड, खरखरो, बेलगडहा, लोहासिकर, पथलडीहा, सलैया, बेकोबार, गरायडीह, बेहराडीह आदि गांव के कीर्तन मंडली ने भाग लिया। विभिन्न गांव के कीर्तन मंडलियों ने 24 घंटा बारी बारी से हरे राम हरे कृष्ण हरे राम हरे कृष्ण कृष्णा हरे कृष्णा हरे हारे हारे हारे कृष्णा भजते रहे।

### बड़कागांव में शिवरात्रि को लेकर राम जानकी मंदिर में मंडपाच्छादन हुआ

# आज होगा शिव पार्वती का विवाह

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव ।** बड़कागांव प्रखंड के लगभग 152 शिव मंदिरों में शिवरात्रि महापर्व मनाने की तैयारी पूरी कर ली गयी है। स्थानीय समितियों द्वारा पूजा अर्चना के लिए महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग गलियारे बनाई गई है।राम जानकी मंदिर के शिवालय में महा शिवरात्रि महा पर्व को लेकर बड़कागांव के लोहार टोला निवासी रघुनंदन मिस्त्री द्वारा 17 फीट ऊंची त्रिशूल चढ़ाया जायेगा। मंदिर के मुख्य पुजारी चिंतामणि महतो ने बताया कि शिवरात्रि महापर्व के मौके पर भगवान शंकर एवं माता पार्वती की विवाह होती है। इसलिए 17 फरवरी को मंडपाछादन राम जानकी मंदिर के प्रांगण में हुयी । 18 फरवरी को महाशिवरात्रि महा पर्व को लेकर भगवान शिव पार्वती को विवाह कराया जाएगा तत्पश्चात पूजा अर्चना की जायेगी। इसे सफल बनाने के लिये मुख्य पुजारी की सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा बुढ़वा महादेव मंदिर, हरली शिव मंदिर ,नयाटाँड़ शिव मंदिर साँढ़ शिव मंदिर,बड़कागांव थाना शिव मंदिर ,ब्लॉक शिव मंदिर , शिव मंदिर महुगाई शिव मंदिर समेत अन्य शिव मंदिरों में पूजा अर्चना की जायेगी।

## आशा सिन्हा की प्रथम पुण्यतिथि मनायी गयी

**इचाक(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बाबू टोला निवासी धर्म प्रेमी और सामाजिक सरोकार के प्रति सजग रहने वाली स्व आशा सिन्हा की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। शुक्रवार को उनकी याद में विधिवत पूजन के बाद तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस दौरान कई सामाजिक और धार्मिक लोगो ने उनके आवास पहुंच कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। बताते चलें कि सीसीएल विभाग से रिटायर्ड किए सुधीर कुमार सिन्हा की पत्नी स्व आशा सिन्हा सदैव सामाजिक रूप से अपने जीवन काल में जिम्मेवारी को निभाने का काम किया। धर्म के प्रति सजग रहने वाली महिला के रूप में उनकी अलग पहचान थी।

## अवैध कोयला की हो रही है तस्करी

आजाद सिपाही संवाददाता



**टाटीझरिया ।** टाटीझरिया में इनदिनों अवैध कोयले की तस्करी जम हो रही है। झरपो, भराजो, केसडा, घुघलिया, खैरा, टाटीझरिया, कोल्हू, मायापुर, खम्भावा, टाटीझरिया , डुमर, धरमपुर, बौधा सहित गांव के ईंट भट्ठो में पहुंचाया जाता है। जबकि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन का सख्त आदेश है की अवैध खनन को रोकना है इसके वावजूद उनके आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है. और कोयले की तस्करी चरम सीमा पर है. फिर भी तस्करी को रोका नहीं जा रहा है। कैसी होती है तस्करी बसतपुर से अवैध कोयला को आंगो थाना होते हुए टाटीझरिया के जुल्मी, बेडम, मुरकी, टाटीझरिया में एनएच 100 होते हुए डहरभंगा,होलंग से होते हुए झरपो खैरा बेदमक्का ,बरकट्ठा सहित विभिन्न जगहों में पहुंचाया जाता है।

## मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत दो लोगों को मिला बोलेरो

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग ।** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अनुसूचित जाति के दो लोगों को उपायुक्त हजारीबाग नैंसी सहाय के द्वारा बोलेरो वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही लाभुकों को सकारात्मक सोच के साथ मिली योजना के लाभ का उपयोग करने का सुझाव दिया। अरविंद कुमार पिता- बैजनाथ रजक ग्राम- बड़कागांव अंबेडकर मोहल्ला पोस्ट थाना - बड़कागांव हजारीबाग और केशव कुमार पासवान पिता- गोविंद पासवान ग्राम- पून्दोल महगाई रोड पोस्ट थाना बड़कागांव, हजारीबाग को मिला बोलेरो।

## बड़कागांव में विधायक अंबा प्रसाद का जन्मदिन मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव ।** बड़कागांव प्रखंड के पंकरी बरवाडीह स्थित नवनिर्मित विधायक आवास के प्रांगण में विधायक अंबा प्रसाद की कार्यकताओं ने जन्मदिन मनाया।मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने केक काटकर हर्ष व्यक्त की।मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि मैं काफी प्रसन्न हूं कि मेरे जन्मदिन पर मेरे क्षेत्र की जनता मुझे आशीर्वाद एवं बधाई दे रहे हैं। साथ ही कार्यकर्ता ,भाई - बहन और मित्रगण मेरे इस घड़ी में साथ हैं। मैं इन्हें कभी नहीं भूल सकती।मुझे अपने माता पिता को क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद प्राप्त है। मौके पर रोहित सिंह , चन्दन गुरु ,रवि कुमार,जितेंद्र ,श्रवण, विराट, विशाल, निराज, बादल, सुनील, बाबू, आर्यन, सुनील, सतीश, टिंकू, मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार साव, गौतम कुशवाहा, प्रवीण साव, लाल मोहम्मद ,राजू राणा, बबलू साव समेत अन्य ने विधायक अंबा प्रसाद की जन्मदिन मनाया इसके अलावा बड़कागांव प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा भी विधायक की जन्मदिन के मौके पर केक काटा गया।

## प्रखंड बिस सूत्री की बैठक आयोजित



**केरेडारी (आजाद सिपाही संवाददाता)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में प्रखण्ड बिस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की एकदिवसीय बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई इस बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड बिस सूत्री अध्यक्ष अर्जुन राम ने किया जबकि संचालन बीडीओ किस्टो कुमार बेसरा ने कियो बैठक के दौरान बिस सूत्रीय कार्यक्रम से जुड़ी सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई,जिसमें मुख्य रूप से गरीबी हटाओ,खाद्य सुरक्षा, श्रमिक कल्याण, शुद्ध पेयजल, सबके लिए शिक्षा, महिला कल्याण,पर्यावरण सुरक्षा एवं वन वृद्धि, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण सड़क, ग्रामीण उर्जा व पिछड़ा क्षेत्र का विकास समेत अन्य सभी विंदुओं पर विभागवार पदाधिकारियों की उपस्थिति में समीक्षा की गई। साथ ही इस बैठक में अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारीयों से स्पष्टीकरण पूछा गया है। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष अर्जुन राम, उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा, अंचल अधिकारी राकेश तिवारी,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुमन कुमार शर्मा, एमओ रवि राजा, कल्याण पदाधिकारी प्रशांत कुमार, अपर्णा मरांडी सभी बस सूत्री सदस्य उपस्थित हुए।

### बड़कागांव में खाद्यान्न व्यावसायिक संगठन की बैठक

# सप्ताह में मंगलवार को राशन दुकान बंद करने का निर्णय

आजाद सिपाही संवादाता



बड़कागांव । बड़कागांव के राम जानकी मंदिर में खाद्यान्न व्यवसाय संघ की बैठक हुयी । इसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार महतो ने किया बैठक में मुख्य रूप से निर्णय लिया गया कि सप्ताह में मंगलवार को बड़कागांव में राशन दुकान बंद किया जाएगा। मौके पर अरुण कुमार, प्रताप कुमार मेहता, विजय खंडेलवाल, मनोज खंडेलवाल ,विष्णु खंडेलवाल ,कैलाश अग्रवाल, मिंटू जयसवाल, मनीष सोनी, बालेश्वर चौरसिया, सुजीत सोनी, बबलू महतो ,सांवर अग्रवाल, योगेंद्र महतो, अनिल सोनी, धनुषधारी महतो, श्याम देव महतो, विजय महतो, लोकनाथ महतो ,संजय गुप्ता, किशोर खंडेलवाल, धीरू कुमार ,संतोष सोनी, सैनिक कैटरीन, एस टूमार्ट, रमेश अग्रवाल, हीरा लाल अग्रवाल, बसंत कुमार ,दीपक कुमार, राज कुमार ,ऋषि महतो प्रमोद कुमार बसंत महतो, मनीष सोनी कैलाश महतो,रोहित कुमार अन्य दुकानदार शामिल थे।

### सर्वजन पेंशन योजना से 1,18,447 लाभुकों को मिल रहा मासिक पेंशन

# हर माह के प्रथम सप्ताह में खाते में पहुंच रही राशि

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अतिमहात्वकांक्षी योजना सर्वजन पेंशन योजना जून 2022 में लागू हुई। इस योजना को लागू होने के बाद हजारीबाग जिला में अब तक कुल 1,18,447 लाभुक इस नई पेंशन योजना से जुड़ चुके हैं, जिसमें मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के 79,712, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना के 17,140, स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना के 20,042, मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना के 641 और एचआईवी एड्स पीड़ित सहायतार्थ पेंशन योजना के 912 लाभुक शामिल हैं।

**सभी योग्य को पेंशन दे रही है राज्य सरकार**

मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि समाज के प्रत्येक योग्य लाभुक को पेंशन योजना से जोड़ा जा रहा है। इसके लिए सबसे पहले बीपीएल की बाध्यता को समाप्त किया गया। अब समाज का कोई भी व्यक्ति जो 60 वर्ष या इससे अधिक उम्र का वृद्ध हो तथा अन्य पेन्शन धारक नहीं हो, समाज की कोई भी परित्यक्त महिला विधवा निराश्रित हो, दिव्यांग, आदिम जनजाति का हो, एचआईवी पीड़ित हो, उसे राज्य सरकार पेंशन दे रही है। महीने के पहले सप्ताह में ही पेंशन का भुगतान लाभुक के खाते में किया जा रहा है। 21 वर्षीय लाभुक जानकी कुमारी, डाडी प्रखण्ड, बालसागरा गांव के एवं 68 वर्षीय मैना बिरहोरिन चालकुशा प्रखण्ड के बरियाऊं ग्राम के आदिम जनजाति पेंशन योजना के लाभुक का कहना है कि पेंशन का पैसा से बहुत मदद मिल जाता है। हमारे पास रोजगार की कमी है, जंगल से गुजारा नहीं हो पाता है। पेंशन से मिले पैसा से अपना जरूरत का सामान खरीदने में हमारी मदद मिल जाती है। स्वामी विवेकानन्द निःशक्त पेंशन योजना से गौरिया कर्मा के लाभुक सुनैना देवी बताती है कि शारीरिक रूप से विकलांग महिला हूं, आर्थिक रूप से भी दूसरे लोगों पर निर्भर रहना पड़ता था, परन्तु हेमंत सरकार की पहल से बड़ी आसानी से मेरा पेंशन चालू हो गया, नियमित रूप से पेंशन मेरे बैंक खाता में 1,000 रुपया मिल जाता है।

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शिवभक्तों ने निकाली भव्य कलश यात्रा



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही )।** प्रखंड के अमनारी शिव मंदिर में नंदी बाबा की मूर्ति खंडित हो गयी थी महाशिवरात्रि के एक दिन पूर्व नंदी बाबा की मूर्ति की स्थापना किया गया एवं महाशिवरात्रि को लेकर शुक्रवार को भव्य जल कलश यात्रा निकाली गयी। अमनारी शिव मंदिर से पूजन के बाद जल कलश यात्रा प्रारंभ होकर गांव भ्रमण करते हुये बौधा डैम पहुंचा। जहां स्थानीय पंडितो द्वारा मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरवाया गया। कलश यात्रा में भगवान शंकर के जयकारों की गूंज रही। पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से पांच यजमान अपने पत्नी के साथ शामिल हुये। इसमें उपेंद्र पांडेय पत्नी मुखिया स्वस्तिका कुमारी, सुरेश महतो, प्यासी देवी, राजू कुमार, सुनीता देवी, टेकलाल प्रसाद, पुष्पा कुमारी, नंदू प्रसाद शामिल हुये। छोटेलाल पांडेय, रामचंद्र पांडेय, केदार पांडेय, महेंद्र पांडेय, सुरेश पांडेय, कामेश्वर पांडेय के द्वारा विधि विधान से पूजा करायी गयी।

## टाटीझरिया में पुस्तकालय प्रबंधन एवं सलाहकार समिति का हुआ गठन

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** पंचायत भवन टाटीझरिया में पुस्तकालय प्रबंधन एवं सलाह समिति का गठन टाटीझरिया पंचायत के मुखिया सुरेश यादव की अध्यक्षता में किया गया। सर्वसम्मति से टाटीझरिया पंचायत में अध्यक्ष मुखिया सुरेश यादव, सचिव अजीत राम, सदस्यों में पंचायत सेवक विश्वजीत दूबे, संगीता देवी, भागवत चौधरी, बिनोद अगेरिया, प्रकाश गुप्ता, मिसन देवी, रिंकी देवी, ज्योति कुमारी, रामचंद्र मणिलाल, रामाशीष कुमार, दौलत प्रसाद, सुरेश महतो, सीताराम यादव एवं लाइब्रेरियन के लिए राजू यादव का मनोनयन किया गया है। इस मौके पर मुखिया सुरेश यादव ने कहा कि पंचायत क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में पढने वाले बच्चों के लिए अब पाठ्यक्रम के अतिरिक्त पुस्तकालय में शिक्षाप्रद, बाल कहानियां, मनोरंजक कविताओं व अभिरुचि से जुड़ी पुस्तकें उपलब्ध होंगी।

## फेडरेशन चेंबर ऑफ कॉमर्स ने मजदूरों के बीच किया खिचड़ी का वितरण



**हजारीबाग(आजाद सिपाही )।** फेडरेशन चेंबर ऑफ कॉमर्स हजारीबाग के द्वारा शहर के महेश सोनी चौक पर मोठिया मजदूर एवं छोटे वाहन चालक, ठेला चालक जो हड़ताल के कारण बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं, उनकी भूख मिटाने हेतु भरपेट खिचड़ी का वितरण किया गया। लगभग 4 सौ लोगों ने भोजन किया और हड़ताल बनाए रखने में अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस कार्य में चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल, सचिव राकेश ठाकुर, चंद्र मोहन पटेल, विनय कुमार गुप्ता, सतीश बंसल, कविता कुमारी, पूजा कुमारी, रवि जायसवाल, चेंबर के सह सचिव तारिक अहमद रजा एवं अन्य व्यापारियों ने सहयोग किया। चेंबर के पदाधिकारियों ने बताया की जब तक हड़ताल चलेंगी तब तक प्रतिदिन यह कार्य चलता रहेगा। चेंबर के पदाधिकारियों ने झारखंड सरकार से कृषि कानून को अविलंब वापस लेने की अपील की। साथ ही व्यापारी एवं किसान साथियों से अपनी चट्टानी एकता बनाए रखकर आंदोलन को और धारदार बनाने की अपील की गई। साथ ही कहा गया जरूरत पड़ने पर अन्य और भी व्यापारियों से सहयोग लिया जायेगा।

## वित्त रहित शिक्षण संस्थानों के शिक्षक एवं कर्मचारी रहें शैक्षणिक हड़ताल पर




**इचाक(आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य संयुक्त शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आवाहन पर एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल पर सभी वित्तरहित शिक्षण संस्थानों के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी रहे। जिससे पूरी तरह शैक्षणिक कार्य बाधित रहा। हड़ताल पर जीएम इंटर कॉलेज इचाक, आदर्श इंटर कॉलेज इचाक, जेएम इंटर कॉलेज उरूका, सीएम आदर्श उच्च विद्यालय इचाक, उच्च विद्यालय सिझुआ, उच्च विद्यालय बरकाखूर्द के शिक्षक एवम शिक्षकेत्तर कर्मचारी रहे। शैक्षणिक हड़ताल पर रहने वालों में जीएम इंटर कॉलेज के प्राचार्य शंभू कुमार, शिक्षक पंकज कुमार, रत्नेश कुमार राणा, आदर्श इंटर कॉलेज के प्राचार्य मनीष कुमार शिक्षक मनोज कुमार, मुन्ना पांडे, जेएम इंटर कॉलेज के प्राचार्य बसंत कुमार, शिक्षक राजेंद्र यादव, रामप्रकाश मेहता, सीएम उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक जीवन कुमार, शिक्षक ओमकार मेहता, राजेश मेहता, उच्च विद्यालय सिझुआ से इंद्रदेव मेहता, छत्रधरी प्रसाद मेहता, खेमलाल राणा, उच्च विद्यालय बरकाखूर्द से बैजनाथ प्रजापति, शिक्षक श्रीकांत मेहता, रवि कुमार, राधेश्याम कुमार आदि शामिल थे।

रुपए रखा थैला रहस्मय तरीके से गायब

## महिला के थैला से 22500 रुपये रहस्यमय तरीके से गायब

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित शर्मा बुक सेंटर के निकट सब्जी खरीद रही महिला के थैले में रखें 22 हजार 500 रुपए रहस्यमय तरीके से थैला सहित गायब हो गया। घटना 3 .15 बजे की बतायी गयी है। रुपये रखें थैली के गायब होने के आभास होते ही महिला की रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग जमा हो गये। जानकारी अनुसार बिच्छीपहड़ी बेकोबार निवासी रेखा कुमारी पति कैलाश राणा अपने 10 वर्षीय बेटे के साथ शुक्रवार अपराहन 1:30 बजे बैंक ऑफ इंडिया से पैसे की निकासी करने पहुंचे थे। पैसों की निकासी कर महिला ने स्टेशन रोड स्थित सब्जी बाजार से सब्जी खरीदने के दौरान रुपये रखे थैले को अपने पास में रखकर टमाटर की खरीदारी कर रही थी। खरीदारी के बाद जैसे ही उसकी नजर थैले पर पड़ी तो थैला अपने पास से गायब पाया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास ट्रैफिक संभाल रहे जवानों ने तत्काल इसकी सूचना थाने को दी। जिसके बाद पैंथर के जवानों ने भुक्तभोगी महिला से पूछताछ के बाद उसे थाना जाने की बात कह कर खोजबीन में जुट गये।

## प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन जारी



**बरकट्ठा(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बरकट्ठा में कक्षा 6 एवं 9 में नामांकन तथा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय चलकुशा में कक्षा 6 से 9 तक नामांकन के लिए इच्छुक छात्राएं 15 मार्च 2023 तक आवेदन कर सकते हैं इस संबंध में विद्यालय की प्रधानाचार्य सह वार्डेन सिंपल कुमारी ने बताया कि अभिभावक आवेदन प्रपत्र विद्यालय के कार्यालय से विद्यालयी समय में प्राप्त कर सकते हैं। वहीं आवेदन प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15 मार्च है। बताया कि चयन का वरियता आधार अनाथ, एकल अभिभावक, विकलांग अभिभावक, आदिम जनजाति, ट्रैफिकिंग, प्रवासी मजदूर, नक्सल प्रभावित, सुदूरवर्ती, अत्यंत गरीब, छीजित है। नामांकन के समय छात्राओं को दावा किए गए सभी कागजात जमा करना आवश्यक होगा।

## जी-20 समिट को लेकर तैयारी जोर शोर से



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** झारखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो चुके लेक रिसोर्ट को झारखंड राज्य में आयोजित होने वाले जी-20 समिट को देखते हुए पतरातु लेक रिजॉर्ट आम जनों के उपयोग के लिए 22 फरवरी से 4 मार्च तक बंद रखा जाएगा। इस संबंध में तैयारी को लेकर लेक रिसोर्ट प्रबंधन को पर्यटन विभाग की ओर से आदेश प्राप्त हुआ है। इस संबंध में सूत्रों ने बताया कि लेक रिसोर्ट के अंदर और बाहर हर जगह पर रखरखाव का कार्य किया जाएगा। ज्ञातव्य की जी 20 समिट को लेकर भी तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। जो मार्च माह में ही होगा। इसमें राजधानी रांची पहुंचने वाले 20 देशों के डेलिगेट्स पतरातू लेक रिसोर्ट के नवनिर्मित वीवीआइपी गेस्ट हाउस में ठहरेंगे।

## पतरातू में जननायक कपूर्री ठाकुर की पुण्यतिथि मनी



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातु लेक रिजॉर्ट के समीप जननायक कपूर्री ठाकुर की पुण्यतिथि उनके आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनायी ग्यी। इस मौके पर मुखिया किशोर कुमार महतो, राम प्रसाद ठाकुर, गणेश ठाकुर, वीरेंद्र झा, अमित कुमार, रणधीर कपूर, नंद किशोर महतो, श्यामलाल ठाकुर, अमित ठाकुर, सचिव लाल मोहन ठाकुर, बसंत ठाकुर, रामचंद्र ठाकुर, सत्येंद्र ठाकुर, पंकज ठाकुर, मंगरा ठाकुर, राजीव ठाकुर, मदन ठाकुर, किशोरी ठाकुर, सिकंदर ठाकुर, संजय ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, मुकेश ठाकुर सहित कई लोग ने माल्यार्पण कर उनके सिद्धांत पर चलने का संकल्प लिया।

## पीपुल्स को-ओपरेटिव कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडिया का देवरिया में हुआ जिला को-ओपरेटिव सम्मेलन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** युवा भारत मिशन ट्रस्ट के तत्वावधान में शुक्रवार को देवरिया पंचायत भवन में पीपुल्स को-ऑपरेटिव कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा जिला कोओपरेटिव सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि ऑल इंडिया लोक सहकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भन्ते जैनेन्द्र कुमार तथागत, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महासचिव अमल कुमार पांडेय, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संतोष कुमार व झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार दास मुख्य रूप से उपस्थित थें। मौके पर मुख्य अतिथि महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भन्ते जैनेन्द्र कुमार तथागत ने उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने की बात कही। सम्मेलन में ऑल इंडिया लोक सहकार महासंघ रामगढ़ जिला कमेटी का गठन किया गया। इसमें महासंघ के प्रभारी देवानंद दास, अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, सचिव प्रभुनाथ, सह सचिव रिना देवी, कोषाध्यक्ष मंजू देवी व उपाध्यक्ष वीणा देवी शामिल हैं। मौके पर देविरया मुखिया विकास कुमार नायक, सबिता देवी, आशा देवी, पूनम देवी, सरिता, सुनिता देवी, सीमा देवी, रीना देवी, सुनिता देवी, राजमनी, रेखा देवी, ललीता देवी, बुधनी देवी, प्रियंका देवी, निक्कू सिंह, प्रिया, आरती देवी, फुलो देवी, सरिता देवी, बबीता, शीला देवी, विमला देवी, गीता देवी, वीणा देवी, मंजू देवी, बबीता, भारती, सोनामती, आशा देवी, सुलेखा देवी, शीला, सारती, सुकरमनी, उमा, उर्वशी देवी, मंगी देवी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

## हड़ताल पर रहे वनांचल इंटर महाविद्यालय टंडवा के सभी शिक्षक




**टंडवा (आजाद सिपाही)।** वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर शुक्रवार को चतरा जिले के टंडवा प्रखंड स्थित वनांचल इंटर महाविद्यालय परिसर में शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मी शैक्षणिक हड़ताल पर रहे।जिससे महाविद्यालय में पठन-पाठन कार्य ठप हो गया। शिक्षकों ने अपनी मांगे जैसे अनुदानित स्कूल कॉलेजों को तत्काल घाट अनुदान देने एवं वित्त रहित स्कूल कॉलेजों की जांच झारखंड अधीविद परिषद नियमावली के तहत जांच हो। वही झारखंड के सरकारी एवं वित्त रहित शिक्षक संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच हो रहे भेदभाव को समाप्त करने के समर्थन में महाविद्यालय के मुख्य गेट पर तालाबंदी कर जमकर नारेबाजी की।शैक्षणिक हड़ताल में महाविद्यालय के शिक्षक कर्मी में प्रभारी प्राचार्य पंकज कुमार साव,महेंद्र कुमार साव,विवेक कुमार पासवान चित्रारानी गुप्ता वही शिक्षकेतर कर्मी में जीतेन्द्र कुमार,शिव शंकर साव,मदन कुमार नायक,अनुज कुमार रजक, सीमा कुमारी ,दिनेश कुमार मालाकार,रानी कुमारी समेत सभी शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मी उपस्तिथ थे।

## तीसरे दिन भी बंद रहा खाद्यान्न व्यापार



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के गलत निर्णय से नाराज होकर जिले के व्यवसायियों ने शनिवार को तीसरे दिन भी जिले के अंतर्गत सभी खाद्यान्न की दुकानें पूर्ण रूप से बंद रखा। बंदी को लेकर फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू के नेतृत्व में सैकड़ों व्यवसायियों ने भुरकुंडा एवं पतरातू का गहन दौरा किया। सभी जगह व्यवसायियों का ऐतिहासिक समर्थन रहा। व्यापारियों को को संबोधित करते हुए अमित साहू ने कहा कि आज रामगढ़ जिले के सभी क्षेत्रों में लगातार तीसरे दिन व्यवसायियों को द्वारा काले कानून के विरोध में पूर्ण रूप से बंद रहा है और सभी व्यवस्थाएं सरकार से यह मांग कर रहे हैं कि आम जनता की कठिनाइयों को देखते हुए और महंगाई की आग मे आम जनता जो पिसा रही है। इसको देखते हुए राज्य सरकार जल्द से जल्द इस काले बिल को वापस कर व्यवसायियों को राहत प्रदान करें। इस मौके पर जानकी महतो सुनील गुप्ता प्रदीप कुमार बरेलिया मुकेश अग्रवाल उमेश महतो प्रमोद शर्मा जितेंद्र अग्रवाल मनोज बंसल सरवन साहू अमर गुप्ता गोलू अग्रवाल पिंटू अग्रवाल राकेश चौधरी किशन बंसल शिवकुमार मांगीलाल गुप्ता विमल अग्रवाल रौशन अग्रवाल काजल दत्ता पप्पू साहू अशोक शर्मा अरुण अग्रवाल नरेश राय पटेल राय अक्षय कुमार समेत सैकड़ों व्यवसाई मौजूद थे।

## लपंगा पंचायत के महुआटोला में 8वें वर्षगांठ पर सरना प्रार्थना सभा का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** लपंगा पंचायत के महुआटोला स्थित सरना स्थल में 8वें वर्षगांठ पर शुक्रवार को सरना प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य पाहन राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज मुंडा, रामगढ़ जिला अध्यक्ष नागेश्वर मुंडा, सरना रत्न बिरेंद्र भगत की पत्नी निर्मला भगत, राष्ट्रीय धर्म गुरू डॉ. प्रवीण उरांव व प्रदेश धर्म गुरू राजेश लिण्डा मुख्य रूप से उपस्थित थें। कार्यक्रम के तहत सुबह 7 बजे पहान घरे जुमे जोइडेक, 8 बजे अखराए पूजा, 10 बजे डाडी घाटे पूजा, 11 बजे सरना झंडा गड़ी हुआ। इसके बाद दोपहर में प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। तत्पष्चात प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर जल, जंगल, जमीन व झारखंडी संस्कृति की रक्षा का संकल्प लिया गया। मौके पर संरक्षक पहान महादेव बेदिया, अध्यक्ष अनिल बेदिया, सचिव मीणा बेदिया, कोषाध्यक्ष गीता बेदिया, उपाध्यक्ष सारो बेदिया, सह सचिव गुड़िया बेदिया, उपकोषाध्यक्ष तारनी बेदिया आदि मौजूद थें। कार्यक्रम का संचालन शंकर बेदिया ने किया। इसे सफल बनाने में देवानंद बेदिया, विजय बेदिया, जगदीश बेदिया, सुनील बेदिया, संजय बेदिया, पवन बेदिया, चैती बेदिया, झालो बेदिया, गुदनी बेदिया, सुनिता बेदिया, प्रेमजीत बेदिया, ललकू बेदिया, राजकुमार बेदिया, मटुकलाल बेदिया, कालीचरण बेदिया, विशाल बेदिया, पंकज बेदिया, सुरती बेदिया, सरस्वती बेदिया, सुरेश बेदिया, किशुन बेदिया, रविस बेदिया, रवि बेदिया, बिजेंद्र बेदिया, जगनारायण बेदिया, राजेश बेदिया, कुलेश्वर बेदिया, पच्चू बेदिया, प्रकाश बेदिया, मनोज बेदिया, दिलीप बेदिया सहित दर्जनों सरना धमार्वावलंबियों का विशेष योगदान रहा।

# रामगढ़ विधानसभा में एक बार फिर लहराएगा आजसू का झंडा : सुदेश

### पुरबडीह,कुम्हरदगा एवं हुल्लु गांव में आजसू सुप्रीमो से किया चुनावी सभा को संबोधित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गोला।** पूर्व उपमुख्यमंत्री व आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में शुक्रवार को पुरबडीह, कुम्हरदगा एवं हल्लु गांव में चुनावी सभा को संबोधित किया। पुरबडीह में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रामगढ़ विधानसभा में एक बार फिर आजसू का झंडा बुलंद होगा। इस विधानसभा में आजसू के विधायक होने से पहले का कार्यकाल देख लें। मूलभूत सुविधाएं आजसू ने पूरी की है। यहां के पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश चौधरी ने विकास की लंबी लकीर खिंची है। जिला अलग निर्माण, पॉलिटेक्निक ,आईटीआई ,इंजीनियरिंग कॉलेज, कई प्रखण्डों का निर्माण करवाया। जिसका परिणाम हुआ कि यह क्षेत्र एक नंबर में आकर खड़ा हो गया। पिछले तीन सालों के कार्यकाल को देखे तो पता चलेगा कि विकास का काम शून्य रहा। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी का एक ही लक्ष्य है विकास । इसी लक्ष्य के अनुरूप पार्टी कार्य करती है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पर उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सिर्फ लोगों को ठगने के लिए लाया गया था। इसकी सच्चाई देखना है तो मुख्यमंत्री के गांव नेमरा जाकर देख लें। पूरे प्रदेश में सरकार ने लूट मचा के रखी है। खनिज संपदाओं की लूट हो रही है। बालू को टेंडर नही करवाकर लूट की छूट दे दी है। ताकि अपनी तिजोरी भरा जा सके। पूर्व मुख्यमंत्री ने गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र महतो पर तीखा हमला किया। कहा कि योगेंद्र को यह बताना चाहिए कि पहले कहाँ थे। और उनको आजसू ने कहां लाकर खड़ा किया। दूसरे को वो कांटा बाबू कहते है। लेकिन वो क्या है उनको बताना चाहिए। सभा को गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने भी सम्बोधित किया।




**डेढ़ लाख के संकल्प के साथ काम करें**

सुदेश से ग्रामीणों को संकल्प दिलाया कि इसबार डेढ़ लाख से पार के नारा को सच्चाई में तब्दील करना है। इसके लिए हम सभी को पूरे मेहनत व लग्न के साथ आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में वोट करना है।

## डीसी अबु इमरान ने नाबार्ड प्रायोजित मत्स्य प्रशिक्षण वाहनों को हरी झंडी दिखा कर क्षेत्र में किया रवाना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा ।** उपायुक्त अबु इमरान ने नवीनतम मत्स्य तकनीक यथा केज फिशिंग , बायो फ्लॉक और रास पर प्रशिक्षण के लिए 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखा किया रवाना। बात दे कि नाबार्ड द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत रांची मतस्य निदेशालय एवं धुर्वा बांध, रामगढ़ में पतरातू बांध और बरही, कोडरमा में फिंगरलिंग उत्पादन का दौरा शामिल है। सिमरिया और टंडवा वाटरशेड क्षेत्र के 25 प्रतिभागियों से बैंकों के समर्थन और पीएम मतस्य सम्पदा जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ लेते हुए अपने क्षेत्र में इन तकनीकों को अपनाने की ओर अग्रसर है। उक्त मौके पर अपर समाहर्ता पवन कुमार मण्डल एवं मृत्युंजय बक्शी, डीडीएम नाबार्ड मौजूद थे।

## जर्जर घर को गिरा कर सीसीएल प्रबंधन करमा कोलियरी का किया विस्तारीकरण

**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के करमा परियोजना विस्तारीकरण को लेकर सीसीएल प्रबंधन ने जर्जर घर को गिराने का अभियान चलाया। इस दौरान करमा परियोजना स्थित खीराबेड़ा के रैयत विस्थापित काशी करमाली और धीरज करमाली के घर को प्रबंधन द्वारा जेसीबी से गिरा कर हटाया गया। वही, स्थानीय विस्थापितों ने सीसीएल प्रबंधन का विरोध जताते हुए कहा कि प्रबंधन बिना नौकरी व मुआवजा दिये घर को हटाना कही से उचित नहीं है। प्रबंधन को पहले विस्थापितों को नौकरी व मुआवजा देकर ही खदान का विस्तारीकरण करना चाहिए था। परंतु प्रबंधन हम गरीबों पर अपनी मनमानी चला कर जबरन डरा धमकाकर खदान का विस्तारीकरण कर रही है। इधर, प्रबंधन का कहना है कि 10 से 15 दिनों के भीतर नौकरी का नियुक्ति पत्र विस्थापितों को दिया जायेगा। जर्जर घर किसी के उपयोग में नहीं था। इसलिए गिरा कर खदान का विस्तारीकरण किया गया। सीसीएल कुजू महाप्रबंधक व परियोजना पदाधिकारी के पहल पर सीसीएल मुख्यालय में विस्थापितों का कार्य फास्ट ट्रैक में हो रहा है। प्रबंधन नौकरी के अलावे जो मुआवजा होगा जल्द से जल्द भुगतान कराने के लिए प्रयासरत है।

### सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने किया सोसो कलां पंचायत का दौरा

## रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में एक फिर विकास की गंगा बहेगी : चंद्रप्रकाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गोला।** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने शुक्रवार को सोसो कलां पंचायत के हेमतपुर, धमना टांड़, सोसो खुर्द, सोसो कलां आदि गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को विस्तार से सुना। ग्रामीणों ने गांव की मूलभूत समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। सांसद ने कहा कि गांव की समस्याओं को आजसू शुरू से ही प्राथमिकता के तौर पर रखी है। यह पंचायत शुरू से ही पार्टी के पक्ष में खड़ा रहा है। इस बार भी उम्मीद करता हूँ कि आपलोग पार्टी के पक्ष में खड़ा रहेंगे। आजसू ने बड़े कार्य किये है। जिससे रामगढ़ में विकास की एक नई लकीर खिंची गई है।आगे भी विकास कार्य का सिलसिला जारी रहेगा। मौके पर ग्रामीणों ने सांसद को पूर्ण सहयोग करने की बात कही। मौके पर मुखिया नीता देवी, प्रतिनिधि बजरंग कुमार महथा, त्रिभुवन महतो, पुरन महतो, राजेश महतो, संजय महतो, राधा महतो, धुमा महतो, रानी देवी, रामा महथा, मनोज राम, दिनेश महतो, उत्तम पासवान, दिलीप राम, पंचम दास, राजकुमार, अशोक कुमार, ममता कुमारी आदि मौजूद थे।

## राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारी अंतिम चरण पर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**इटखोरी।** राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारी लगभग पूर्ण की स्थिति में है। महोत्सव की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद दिख रहा है। तैयारी को देखने गुरुवार देर रात उपायुक्त अबु इमरान महोत्सव स्थल पहुँचे। जहाँ उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों के साथ तैयारी की जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को समय रहते सभी तैयारी पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। महोत्सव की तैयारी को मंच का कार्य भी पूर्ण होने की अवस्था मे है। मंच इस बार पहले की तुलना में भव्य व सुंदर बनाया जा रहा है। वही दर्शन दीर्घा को भी पहले की अपेक्षा सुंदर बनाया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर कार्यक्रम देखने वाले दर्शक मंदिर के गुम्बद को भी आसानी से देख सकेंगे। ऐसी तैयारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार दर्शकों के बैठने से लेकर पीने के पानी तक कि व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है। शुक्रवार को डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता समेत ने महोत्सव की तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने ससमय कार्य पूर्ण करते को कहा।

## महाशिवरात्रि पर शनि प्रदोष व्रत का संयोग, कष्टों से मिलेगी मुक्ति : आचार्य

### श्रवण नक्षत्र और शनिवार का योग महिलाओं को दिलायेगा सम्मान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चतरा।** शिव-विवाह का पर्व महाशिवरात्री पर इस साल विशेष संयोग बन रहा है। इस बार बार शिवरात्रि पर बन रहे दुर्लभ संयोग भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना और आराधना हर प्रकार के कष्टों से मुक्ति दिलाने वाला होगा। जन्मकुंडली, वास्तु व कर्मकाण्ड परामर्श के आचार्य चेतन पाण्डेय का कहना है कि महाशिवरात्रि पर इस वर्ष 30 वर्ष बाद पहली बार ऐसा संयोग बन रहा है जो लोगों को समृद्धि दिलाने के साथ साथ हर मुश्किलों से दूर करने वाला होगा। महाशिवरात्रि पर इस बार शनि प्रदोष व्रत का संयोग बन रहा है। करीब 30 साल बाद बन रहे इस दुर्लभ संयोग शिव भक्तों के लिए बेहद खास माना जा रहा है। आचार्य ने बताया कि शनि देव इस बार महाशिवरात्रि के दिन अपने मूल त्रिकोण की राशि कुंभ में स्थित रहेंगे। जबकि ग्रहों के राजा सूर्य भी इस समय कुंभ राशि में ही गोचर कर रहे हैं। ऐसे में महाशिवरात्रि के दिन पिता- पुत्र सूर्य-शनि की युति बड़ा परिवर्तनकारी योग बनाएगी। यह योग देश व राजनीति के लिए भी खास माना जा रहा है। शास्त्रों के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन शनिवार पड़ने पर शनि महादशा, अंतर्दशा, शनि की साढ़ेसाती या ढैया से परेशान जातकों को इस दिन खास उपाय करने चाहिए। महाशिवरात्रि के दिन शनि जनित दोषों से मुक्ति के लिए शिव की आराधना का खास महत्व होता है। उन्होंने कहा कि शनिवार को पड़ रही महाशिवरात्रि पर सुबह से लेकर शाम तक पूजा का शुभ समय बन रहा है। वैसे शिवरात्रि पर निशा काल की पूजा का खास महत्व है। इस दिन चार पहर की पूजा होती है। रात्रि जागरण और रात के चार पहर की पूजा काफी लाभदायक होते हैं।महाशिवरात्रि का पर्व रात्रि व्यापिनी होने पर विशेष माना जाता है। महाशिवरात्रि चतुर्दशी व्यापिनी रात्रि काल में शुभ माना गया है। इस बार 18 फरवरी को शाम में 5:43 तक त्रयोदशी तिथि है। उसके बाद चतुर्दशी तिथि लग रहा है। चतुर्दशी तिथि 19 फरवरी को दिन में 3:19 तक भोग करेगा।

## कृषि बाजार शुल्क के विरोध में खाद्यान्न व्यवसायियों ने काला झंडा के साथ निकाला जुलूस



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा खाद्यान्न व्यवसायियों ने झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन विधेयक के खिलाफ में शुक्रवार को काला झंडा के साथ विरोध प्रदर्शन करते हुए जुलूस निकाला। जुलूस भुरकुंडा बाजार से निकलकर मेन रोड, जनता टॉकिज, बिरसा चौक होते हुए मतकमा चौक पहुंचा। यहां खाद्यान्न व्यवसायियों ने कृषि बिल के विरोध में झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर व्यवसायियों ने कहा कि झारखंड सरकार ने दो प्रतिशत कृषि शुल्क लगा दिया है। जिसके विरोध में खाद्यान्न व्यवसायियों ने राज्य व्यापी अनिश्चितकालीन दुकान बंद रखने का आह्वान किया है। कहा गया कि जब तक सरकार विधेयक वापस नहीं लेती है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। विरोध करने वालो में राकेश कुमार, पिंटु अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, अजय गोयल, अजीत कुमार, मनोज कुमार, सोहन चौधरी, प्रमोद शर्मा, अशोक कुमार, शिवकुमार गुप्ता, रविंद्र कुमार, अजय बंसल, मनोज गुप्ता, विकास कुमार, आशीष आनंद, बसंत लाल श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, सुर्दशन प्रसाद सहित दर्जनो व्यवसायी आदि मौजूद थें।

## सुंदरनगर भुरकुंडा में 24 घंटे के अखंड-हरि कीर्तन का शुभारंभ



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सुंदरनगर पंचायत में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शुक्रवार से 24 घंटे के अखंड-हरिकीत्तन का शुभारंभ अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ आजसू के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने पूजा-अर्चना कर व फीता काटकर किया। मौके पर रोशन लाल चौधरी ने कहा की ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। उन्होंने कहा कि भक्ति आयोजनों से क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का आगमन होता है। अखंड-हरिकीत्तन से हरे रामा हरे कृष्णा के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गुंज है। मौके पर पंचायत के मुखिया व्यास पांडेय, पंचायत समिति सदस्य रोहित सोनी, नंदकिशोर ठाकुर, सुनील सोनी, विकास सिन्हा, दीपक खरवार, गुलाब खरवार सहित दर्जनो लोाग मौजुद थें।

## कांग्रेस प्रत्याशी ने किया दौरा

**गोला (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग कुमार महतो ने शुक्रवार को क्षेत्र के गोला प्रखंड के रकुवा पंचायत के रकुवा लिपिया बुटगोडवा ,पिपरा जारा, गंधौनिया ढाठवाजरा में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया कि रामगढ़ में भय मुक्त शासन के लिए कांग्रेस पार्टी को वोट दें।ग्रामीणों ने बजरंग को सहयोग करने का आशवासन दिया। मौके पर कमलेश महतो, गौरीशंकर महतो ,माणिक पटेल आदि थे।


**राँची समाहरणालय, राँची**
**( कल्याण शाखा)**

**अति अल्पकालीन निविदा**

राँची जिलान्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में उपस्कर, वर्तन, आदि सामग्रियों की आपूर्ति हेतु दिनांक-24.02.2023 के अपराहन 2.00 बजे तक जिला कल्याण कार्यालय, राँची में मुहरबंद निविदा आमंत्रित किये जाते है। निविदा उसी दिन अपराहन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जायगी, जिसमें निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

सामग्रियों की सूची तथा निविदा की शर्ते जनसम्पर्क विभाग के वेवसाईट पर अथवा जिला कल्याण कार्यालय, राँची के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

परियोजना निदेशक
समेकित जनजाति विकास अभिकरण
राँची

PR 290610 Welfare (22-23)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार**

**प्रेस विज्ञप्ति**

मेसर्स जयंत इंटरप्राईजेज, भवनाथपुर, जिला – गढ़वा संवेदक के द्वारा राज्य सम्पोषित योजना मद अंतर्गत डोरम से तेनुवा भाया उबका तक पथ निर्माण का कार्य कराया जा रहा है, जिसका एकरारनामा सं0 F2-103/2017-18 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ करने की तिथि 06.03.2018 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 05.06.2019 है, जो कार्य पूर्ण करने का समयावधी पूर्व में ही समाप्त हो चुका है। निदेशानुसार सूचित किया जाता है कि इस कार्य को 10 मार्च 2023 के अंदर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। अन्यथा बाध्य होकर नियमानुसार एकरारनामा की शर्तो के तहत एकरारनामा को विखंडित कर जमानत की राशि जब्त करते हुए आपको कालीसूची में डाल दी जायेगी।

इसे अंतिम स्मार-पत्र समझें।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, लातेहार

PR 290633 Rural Development(22-23).D



**JHARKHAND SKILL DEVELOPMENT MISSION SOCIETY**
(An autonomous institution under Dept. of Labour, Employment, Training & Skill Development)
Labour Hygiene Building, 2nd Floor, Behind Shram Bhawan, Doranda, Ranchi
Email ID - skilljharkhand@gmail.com Website- http://jsdm.jharkhand.gov.in

**Ref No - 213** **Dated - 17-02-2023**

**NOTICE INVITING TENDER FOR**

Request for Proposal for empanelment of desirous agencies as "Training Service Provider" to implement skill development training for sub scheme **"Deen Dayal Upadhyay Kaushal Kendra" (DDU-KK) under "Mukhymantri Sarthi Yojna"**. The Jharkhand Skill Development Mission Society (JSDMS) was incorporated as society in 2013 for the development of the skill training initiatives in the state of Jharkhand invites technical proposal by e-tendering from Reputed Firms for Empanelment of Training Service Providers to impart Skill Development Training for sub scheme **"Deen Dayal Upadhyay Kaushal Kendra" (DDU-KK) under "Mukhymantri Sarthi Yojna"**.
The document can be downloaded from the website https//jharkhandtenders.gov.in. Response to this tender shall be deemed to have been done after careful study and examination of this document with full understanding of its implications. This section provides general information about the Issuer, important dates and addresses.

**SCHEDULE FOR INVITATION OF RFP**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | e-Tender No. | **JSDMS/RFP/002/2023** |
| 2. | Name of the Work | Request for Proposal for empanelment of desirous agencies as "Training Service Provider" to implement skill development training for sub scheme **"Deen Dayal Upadhyay Kaushal Kendra" (DDU-KK) under "Mukhymantri Sarthi Yojna"** |
| 3. | Name of the issuer of this tender | Mission Director -cum -CEO |
| 4. | Date of issue of tender document | 17/02/2023 |
| 5. | Last Date for sending Pre-Bid Query | 24/02/2023 till 2.00 PM |
| 6. | Pre-Bid Meeting | 24/02/2023 at 2:30 PM at Shram Sansthan, Shram Bhawan, Doranda, Ranchi-834002 |
| 7. | Publishing of pre-bid queries response | 28/02/2023 on https//jharkhandtenders.gov.in |
| 8. | Last Date for Submission of Bids | 11/03/2023 till 06:00 PM |
| 9. | Date of Opening of Technical Bids | 13/03/2023 at 11:30 AM |
| 10. | Address and Contact Number for Communication | Mission Director-cum-CEO, Jharkhand Skill Development Mission Society Labour Hygiene Building, 2nd Floor, Behind Shram Bhawan, Doranda, Ranchi Contact Number: 0651-2490655 |
| 11. | Cost of Tender Document (Tender fees) | Rs. 10,000/- (INR Ten Thousand only) (non-refundable) deposited through A/c transfer (electronically) |
| 12. | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 2,50,000/- (Two Lac Fifty Thousand only) (refundable) Deposited through A/c transfer (electronically) |
| 13. | Tender Document | Tender document can be downloaded from https.jharkhandtenders.gov.in. |
| 14. | Validity of Proposal | 180 days from the last date of Tender submission |

Sd/-
**Mission Director -cum- CEO**
**Jharkhand Skill Development Mission Society**
**Dept. of Labour, Employment, Training & Skill Development**

PR.NO. 290621
Labour Employment and Traning(22-23):D

# बाल विवाह विरोधी मुहिम

बाल विवाह के खिलाफ असम सरकार के हाल में शुरू किये गये अभियान पर गुवाहाटी हाइकोर्ट ने बेहद तल्ख, मगर जायज टिप्पणी की है। हाइकोर्ट ने ठीक ही कहा कि इस अभियान ने लोगों की निजी जिंदगी में तबाही ला दी है। राज्य में बड़े पैमाने पर हो रही गिरफ्तारी के मद्देनजर हाइकोर्ट का यह कहना महत्वपूर्ण है कि इन मामलों में हिरासत में पूछताछ की कोई जरूरत ही नहीं है। इसी महीने की तीन तारीख से शुरू किये गये इस अभियान के तहत पिछले करीब एक पखवाड़े में 3000 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। कई मामलों में बाल विवाह करने वाले आरोपियों के न मिलने की स्थिति में पुलिस परिवार के दूसरे सदस्यों को पकड़ रही है। पुलिस का कहना है कि वह उन्हीं रिश्तेदारों को पकड़ रही है, जिनकी बाल विवाह कराने में भूमिका रही है। लेकिन व्यवहार में यह हो रहा है कि लोगों को पता ही नहीं कि पुलिस किसे उठा ले जायेगी। इस वजह से परिवार में एक भी बाल विवाह हुआ हो तो तमाम रिश्तेदार छुपते फिर रहे हैं। गिरफ्तारी के बाद कई प्रभावित परिवारों में कोई कमाने वाला नहीं रह गया है। कई मामलों में मां हिरासत में चली गयी तो बच्चों पर ही छोटे भाई-बहनों का ख्याल रखने की जिम्मेदारी आ गयी है। और यह सब क्यों? सरकार भी मान रही है कि चाहे जितने लोगों को गिरफ्तार कर लिया जाये, ये शादियां वैध बनी रहेंगी। इन शादियों को निरस्त करने का इस कानून (प्रॉहिबिशन ऑफ चाइल्ड मैरिज एक्ट 2006) में बताया गया एकमात्र रास्ता यह है कि शादी के समझौते में पार्टी रहा कोई पक्ष जो शादी के समय नाबालिग रहा हो, जिला अदालत में ऐसी याचिका दायर करे। जिन लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है और जो इस गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं, उनमें से कोई तो ऐसी अर्जी देने से रहा। हालांकि इन बातों का मतलब बाल विवाह की इस कुरीति का बचाव करना नहीं है। सवाल सिर्फ यह है कि इसे समाप्त करने का सबसे अच्छा तरीका क्या हो सकता है। पूरे देश की बात करें तो नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के आंकड़ों के अनुसार 1992-93 में 20 से 24 साल उम्र की विवाहित महिलाओं में 54 फीसदी की शादी 18 साल से कम उम्र में हुई होती थी। यह अनुपात 2005-06 तक 47 फीसदी और 2019-21 तक 23 फीसदी पर आ गया। आखिर, बाल विवाह को रोकने के लिए पहले से कानून है, उसके बाद भी यह समस्या बनी हुई है। यानी सिर्फ कानून से इस मर्ज को दूर नहीं किया जा सकता। एक्सपर्ट्स कहते भी रहे हैं कि शिक्षा और आर्थिक विकास के साथ ऐसी शादियों का चलन कम होता जाता है। बेहतर होगा असम सरकार भी इन्हीं उपायों को अपनाये, जिनके पहले अच्छे नतीजे मिल चुके हैं।

**एक्सपर्ट्स कहते भी रहे हैं कि शिक्षा और आर्थिक विकास के साथ ऐसी शादियों का चलन कम होता जाता है। बेहतर होगा असम सरकार भी इन्हीं उपायों को अपनाये, जिनके पहले अच्छे नतीजे मिल चुके हैं।**


अभिमत

आजाद सिपाही

**कुछ दिन पहले विभव के पास व्हाट्सएप पर एक वीडियो कॉल आयी। उस कॉल में एक लड़की पहले तो काफी मित्रता भरे ढंग से बात करने लगी। फिर कुछ ही क्षण में वह महिला अश्लीलता पर उतर आयी। विभव ने तुरंत अपने फोन की स्क्रीन का रुख अपनी पत्नी की ओर किया, जो उस समय उसके साथ बैठी थी। इसके बाद फोन को काट कर विभव ने उस नंबर को ब्लॉक कर दिया और इसे भूल गया, परंतु कुछ ही देर में उसके पास किसी दूसरे नंबर से कुछ संदेश आने लगे, जिसमें उसे ब्लैकमेल कर पैसे ऐंठने का प्रयास किया गया।**

# जानकार बनें और सुरक्षित रहें

रजनीश कपूर



**यदि आपने सोशल मीडिया पर कुछ भी आपत्तिजनक अपलोड नहीं किया है, तो आपको घबराने की कोई जरूरत नहीं। दूसरा, किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कुछ भी अश्लील या आपत्तिजनक पोस्ट नहीं किया जा सकता। इस मामले में यू-ट्यूब की बात करें तो यू-ट्यूब के नियम इतने सख्त हैं कि अश्लील वीडियो उस पर नहीं डाले जा सकते।**

साइबर अपराधों में लिप्त अपराधी हर दिन नये-नये ढंग से अपने शिकारों को फंसाने के तरीके खोजते रहते हैं। यदि आप जागरूक हैं, तो आप इनके जाल में फंसने से बच सकते हैं। यदि आप घबराहट में कुछ ऐसा-वैसा कर बैठते हैं, तो आप इनके जाल में आसानी से फंस सकते हैं। आज इस कॉलम में एक ऐसे ही शिकार के बारे में बात करेंगे जो इन साइबर अपराधियों के जाल में फंसते-फंसते बचा।

पिछले सप्ताह मुझे मेरे मित्र विभव का घबराहट में फोन आया। उसकी घबराहट का कारण एक सीबीआइ अधिकारी का उसे फोन पर धमकाना था। उसने मुझे फोन पर अपनी जो परेशानी बतायी तो पहले तो मुझे हंसी आयी फिर मैंने खुद को उसकी जगह में सोच कर उसे कानून के कुछ अहम पहलू बताये। मेरी सलाह सुन विभव शांत हुआ और अपने काम में जुट गया।

**डीसीपी मल्होत्रा के अनुसार कभी भी अनजान नंबर से आने वाली वीडियो कॉल को न उठायें।**

कुछ दिन पहले विभव के पास व्हाट्सएप पर एक वीडियो कॉल आयी। उस कॉल में एक लड़की पहले तो काफी मित्रता भरे ढंग से बात करने लगी। फिर कुछ ही क्षण में वह महिला अश्लीलता पर उतर आयी। विभव ने तुरंत अपने फोन की स्क्रीन का रुख अपनी पत्नी की ओर किया, जो उस समय उसके साथ बैठी थी। इसके बाद फोन को काट कर विभव ने उस नंबर को ब्लॉक कर दिया और इसे भूल गया, परंतु कुछ ही देर में उसके पास किसी दूसरे नंबर से कुछ संदेश आने लगे, जिसमें उसे ब्लैकमेल कर पैसे ऐंठने का प्रयास किया गया। विभव ने इन नंबरों को भी ब्लॉक कर दिया। दो दिनों तक कुछ नहीं हुआ।

दो दिन के बाद विभव के पास किसी विक्रम गोस्वामी नाम के व्यक्ति का फोन आया। गोस्वामी ने खुद को सीबीआइ का अधिकारी बताया। सीबीआइ का नाम सुनते ही विभव ने चौंक कर पूछा कि क्या बात है? विक्रम गोस्वामी ने विभव को दो दिन पहले आयी व्हाट्सएप कॉल के अश्लील वीडियो की बात की। विभव पर इस अश्लील वीडियो को यू-ट्यूब पर अपलोड करने का आरोप लगा कर एक शिकायत का हवाला देते हुए गोस्वामी ने पहले तो सच्चाई पूछी।

विभव ने उसे सब बात सच-सच बता डाली। जैसे ही गोस्वामी को लगा कि विभव थोड़ा घबराया हुआ है, उसने विभव को एक नंबर दिया और कहा कि यदि उसने यह वीडियो अपलोड नहीं किया तो इस नंबर पर यू-ट्यूब वालों को कह कर वीडियो को डिलीट करवाएं और उसकी पुष्टि का प्रमाण आधे घंटे में गोस्वामी को दें। ऐसा न करने पर शाम तक विभव को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

विभव के लाख समझाने पर भी वह अधिकारी उसकी किसी बात का यकीन नहीं कर रहा था। बल्कि परिवार और समाज का हवाला देकर उसे और धमकाने लग गया। विभव ने विक्रम गोस्वामी का फोन रखते ही मुझे फोन किया और पूरा किस्सा बयान किया।

मैंने विभव को समझाया कि यदि उसने कुछ नहीं किया तो उसे घबराने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। कानून का थोड़ा-बहुत ज्ञान होने के चलते मैंने उसे जो-जो बताया वह आप सभी के लिए भी समझना जरूरी है।

पहला, यदि आपने सोशल मीडिया पर कुछ भी आपत्तिजनक अपलोड नहीं किया है, तो आपको घबराने की कोई जरूरत नहीं। दूसरा, किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कुछ भी अश्लील या आपत्तिजनक पोस्ट नहीं किया जा सकता। इस मामले में यू-ट्यूब की बात करें तो यू-ट्यूब के नियम इतने सख्त हैं कि अश्लील वीडियो उस पर नहीं डाले जा सकते। उन्हें यू-ट्यूब का एडमिन स्वीकृत नहीं करेगा। तीसरा, यू-ट्यूब या सोशल मीडिया पर होने वाले अपराध साइबर अपराध की श्रेणी में आते हैं और इनसे केवल पुलिस का साइबर सेल ही निपटता है। सीबीआइ का हस्तक्षेप संगीन अपराधों में केवल राज्य सरकार के अनुरोध पर ही होता है। इसलिए यदि कोई भी अधिकारी खुद को सीबीआइ का अधिकारी कहता है, तो वो झूठ बोल रहा है।

जैसे ही विभव ने ये सब बातें सुनीं उसकी घबराहट कम होने लगी। विभव ने मेरे कहने पर सीबीआइ अधिकारी, विक्रम गोस्वामी का नंबर ट्रू-कॉलर नाम की ऐप पर खोजा और उसका स्क्रीनशॉट मुझे भेजा। स्क्रीनशॉट देख वही हुआ, जिसका अंदाजा था। विक्रम गोस्वामी ने अपने नाम के साथ दिल्ली पुलिस के पूर्व पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना की फोटो लगायी हुई थी। मैंने विभव को कहा कि वह गूगल पर पूर्व पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना को खोजे और इस अधिकारी की प्रोफाइल पिक्चर को मिला ले, तो उसे इस नकली सीबीआइ अधिकारी की असलियत पता चल जायेगी।

इसी दौरान मैंने दिल्ली पुलिस की आइएफ एसओ यूनिट के पूर्व डीसीपी, केपीएस मल्होत्रा से इस किस्से को सांझा किया। उन्होंने ऐसे गोरखधंधों से सभी को सावधान रहने को कहा।

डीसीपी मल्होत्रा के अनुसार, कभी भी अनजान नंबर से आने वाली वीडियो कॉल को न उठायें। कॉल करने वाले के लाख कहने पर भी उनकी बातों में न आयें। अपने बैंक खाते या अन्य जरूरी जानकारी को कभी भी ऐसे जालसाजों के साथ शेयर न करें। आप जानकार रहेंगे तभी तो सुरक्षित रहेंगे।

## धनबाद की खबरें

### मानसिक तनाव से ग्रसित युवक ने की आत्महत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**तेतुलमारी।** तेतुलमारी थाना क्षेत्र के वेस्ट मोदीडीह कांटा घर के समीप रहने वाले एक 35 वर्षीय युवक ने अपने घर के एक कमरे में एंगल के सहारे गले में रस्सी के फंदे से झूल अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना पाकर पहुंची तेतुलमारी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण हेतु धनबाद एनएमसीएच भेज दिया। घटना के संबंध में परिजनों एवं स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक अरुण गोस्वामी की मां दुर्गेश गोस्वामी बीसीसीएल से सेवानिवृत्त होकर दिल्ली चले जाने के बाद से मृतक अपनी 30 वर्षीय पत्नी नीतू व 11 वर्षीय बेटी के साथ रह कर अपना निजी व्यवसाय करता था। मां की बीमारी और मंदा कारोबार के कारण वह कुछ दिनों से काफी तनाव में रह रहा था। घटना के वक़्त वह घर में अकेले था। पत्नी जोगता स्थित मायके गयी थी। शुक्रवार सुबह साढ़े 9 बजे के करीब पत्नी ने मृतक को फोन किया। जवाब नही मिलने पर तुरंत उसने पड़ोसियों को फोन किया। पड़ोसियों ने जब मृतक के घर मे झांक कर देखा तो पता चला कि घर का दरवाजा अंदर से बंद है और वह फंदे से झूल रहा है। आनन फानन में घर का दरवाजा तोड़ कर उसे फंदे से उतार कर धनबाद अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पत्नी सहित ससुरवालों भी तब तक घटनास्थल पर पहुंच चुके थे। मां और भाई को भी सूचना दे दी गयी थी। सभी परिजनों का रो - रोकर बुरा हाल है।

### संदिग्ध परिस्थिति में मिला अधेड़ का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पंचेत ओपी अंतर्गत गोबराहीड़ के समीप सड़क किनारे शुक्रवार की सुबह संदिग्ध परिस्थिति में अधेड़ का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पंचेत पुलिस जांच में जुटी है। मृतक शिवलाल हांसदा (45) पतलाबाड़ी ऊपर बस्ती के रहने वाला हैं। परिजनों के अनुसार मृतक अत्यधिक शराब का आदी था। वहीं थाना प्रभारी ने बताया की सूचना मिला गोबराहीड़ कल्वर्ट के नीचे एक शव मिला है, जिसके सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करने के लिए मौके पर पहुंचे हैं। शव को कब्जे में लेकर तत्काल पोस्टमार्टम के लिए भेज रहे है, फिलहाल अनुमान लगाना उचित नहीं हैं।

### कतरास के कोरीडीह और झरिया के धनुडीह में छापेमारी कर जब्त किया 90 टन अवैध कोयला



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास/धनसार।** कोलियरी इलाकों में अवैध उत्खनन और कोयला तस्करी पर रोक लगाने को लेकर बीसीसीएल प्रबंधन व सीआईएसएफ प्रयासरत है। कार्रवाई के तहत गुरुवार की रात बीसीसीएल गोविंदपुर क्षेत्र संख्या 3 के अंतर्गत ब्लॉक चार कोलियरी के कोरीडीह में चल रहे अवैध उत्खनन स्थल को डोजरिंग कर सीआइएसएफ ने 40 टन कोयला जब्त किया। परियोजना पदाधिकारी एस के शरण ने बताया कि बीसीसीएल के कोलियरीयो में किसी कीमत पर अवैध उत्खनन नहीं चलने दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एक दिन पूर्व गोविंदपुर एरिया-3 में प्रशासनिक पदाधिकारी, सीआईएसएफ एवं बीसीसीएल की संयुक्त बैठक के बाद यह कार्रवाई की गयी।

**छापेमारी में भारी मात्रा में अवैध कोयला जब्त, तस्करों में मचा हड़कंप :** बीसीसीएल बस्ताकोला क्षेत्र के मोहरीबांध के समीप घनुडीह पुलिस व सीआइएसएफ ने संयुक्त रूप शुक्रवार की अहले सुबह छापेमारी करते हुए लगभग 50 टन से अधिक अवैध कोयले को जब्त किया। छापेमारी में जब्त कोयले को बीसीसीएल को सुपुर्द कर दिया गया। छापेमारी से कोयला तस्करों में हड़कंप मचा हुआ।

### कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग, रैली निकाल ज्ञापन सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** शुक्रवार को राष्ट्रीय नाई महासभा झारखंड प्रदेश ने शुक्रवार को रैली निकाल जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न सम्मान देने की मांग की। उपायुक्त संदीप कुमार को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। महासभा की रैली टाउन हॉल से निकलकर रणधीर वर्मा चौक होते हुए समाहरणालय तक पहुंच समाप्त हुई।

इस दौरान राष्ट्रीय नाई महासभा के जिला अध्यक्ष अशोक ठाकुर ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर बिहार के ही नहीं बल्कि देश-दुनिया के बड़े ही लोकप्रिय नेता रहे हैं। कपूर्री ठाकुर भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, आदर्श शिक्षक, लोकप्रिय राजनीतिक थे, जिन्होंने बिहार राज्य के उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री के पद को सुशोभित किया। भारत छोड़ो आंदोलन के समय 26 महीनों तक उन्हें जेल में रहना पड़ा था। आमजन के बीच इतना लोकप्रिय थे कि उन्हें जननायक की उपाधि दी गयी।

मुख्यमंत्री काल में इनका कार्य अति सराहनीय रहा। इनके ऐसे कई कार्य हैं जिन्हें देश की जनता भूल नहीं सकी है। ऐसे महान व्यक्ति को जिन्होंने देश के गरीबों की आवाज के रूप में कार्य किया। मुख्यमंत्री काल में उन्होंने वंचित वर्ग को आरक्षण देकर मिसाल कायम की थी। कपूर्री ठाकुर दूरदर्शी होने के साथ-साथ एक ओजस्वी वक्ता भी थे।

उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने में शंभू ठाकुर, हीरा ठाकुर इंद्र देव शर्मा, चुन्नू ठाकुर, अशोक कुमार प्रमाणिक, संतोष ठाकुर, बिंदा ठाकुर, विजय ठाकुर, सुमित प्रमाणिक, आनंद कुमार ठाकुर, सुजीत कुमार ठाकुर, कुणाल कुमार शर्मा, विक्रम कुमार, चंदन शर्मा, रवि प्रसाद, दीपक कुमार ठाकुर समेत अन्य लोग थे।

## जमशेदपुर की खबरें

### टाटानगर सत्संग विहार का उत्सव कल

#### मंदिर परिसर सज-धज कर तैयार, जुटेंगे 40 हजार गुरुभाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनागरी जमशेदपुर स्थित काशीडीह टाटानगर सत्संग विहार में श्री श्री ठाकुरजी के शुभ 135वां जन्म महोत्सव सह सत्संग विहार के 26वां उद्बोधन दिवस धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। देवघर ठाकुर बाड़ी से पूज्यपाद श्रीश्री आचार्यदेव से आशीर्वाद मिलने के बाद टाटा नगर सत्संग बिहार के गुरु भाइयों ने तैयारी पूरी कर ली है। मंदिर परिसर से चारो तरफ प्रचार प्रसार किया गया। टाटानगर सत्संग विहार के पूरे मंदिर परिसर को रंग बिरंगे बिजली साज सज्जा से सजाया गया। कोलकाता से आये कारीगर के द्वारा तरह तरह फूल सज्जा से श्री श्री ठाकुरजी के मंदिर परिसर को सजाया जा रहा। शुक्रवार को सैकड़ों गुरुभाई (मां, दादा) संध्या प्राथना में शामिल हुए। मंदिर कमिटी के गुरुभाईओ को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपा गया। 19 फरवरी को एग्रिको मैदान में आयोजित उत्सव के लिए भीड़ को नियंत्रण करने व देखभाल के लिए युवा गुरुभाईओ को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपा गया। शहर के अलग अलग जगह पर तारण द्वारा बनाया गया, ताकि गुरु भाइयों को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो सके। रविवार को प्रातः पांच से छह बजे तक वेद उषा कीर्तन, सुबह 6.14 से सात बजे तक प्रातः कालीन विनती प्रार्थना के बाद श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्रजी के धर्म ग्रंथो से वाणी पाठ, सुबह सात बजे से 8.30 तक प्रसाद वितरण और नाश्ता का आयोजन टाटानगर सत्संग विहार प्रांगण में किया जायेगा। एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में सुबह नौ से 10 बजे संगीतांजली, 10 से 11 बजे तक मातृ सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। सुबह 11 से एक बजे तक धर्म सभा और कीर्तन का आयोजन होगा। मौके पर कोलकाता और देवघर से आये गुरुभाईओं द्वारा श्री श्री ठाकुर जी के जीवनी पर विस्तृत जानकारी दी जायेगी। दिन के एक बजे से सीतारामडेरा कुवां मैदान (डीएलसी के बगल में) भंडारा का आयोजन किया जायेगा। दोपहर दो से साढ़े तीन बजे तक प्रोफेसर और डॉक्टर के द्वारा ईष्ट चर्चा किया जायेगा। दोपहर चार से सवा पांड बजे तक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संध्या साढ़े पांच बजे सांध्य कालीन प्राथना व श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्रजी के धर्म ग्रंथो से वाणी पाठ किया जाएगा। संध्या 6.30 से 7.30 बजे तक विचित्रानुष्ठान तत्पश्चात ध्वनि के साथ उत्सव समाप्ति की घोषणा की जायेगी।

### आदित्यपुर पुलिस ने चोरी के मामले का 24 घंटे में किया खुलासा, स्वास्थ्यकर्मी ने पुलिस को दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर पुलिस ने 24 घंटे में शहरी स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ क्वार्टर में हुए चोरी मामले का खुलासा कर दिया। शुक्रवार को पुलिस ने महिला पारा स्वास्थ्य कर्मी के चेहरे की रौनक लौटा दी। मौके पर महिला पारा स्वास्थ्य कर्मी ने आदित्यपुर पुलिस के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। बीते दिन आदित्यपुर थाना क्षेत्र के शहरी स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ क्वार्टर में रहने वाली पारा स्वास्थ्य कर्मी रीना कुमारी के घर से चोरों ने महिला के सुहाग की निशानी और कपड़ों से भरे बैग चोरी कर ली थी, जिसकी शिकायत उन्होंने आदित्यपुर पुलिस को दी। पुलिस ने घटना के 24 घंटे के अंदर चोरी किये गये कपड़ों से भरा बैग बरामद कर लिया। हालांकि चोर पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहे। शुक्रवार को आदित्यपुर पुलिस ने महिला स्वास्थ्य कर्मी को कपड़ों से भरा बैग सौंप दिया। सामान मिलते ही महिला स्वास्थ्य कर्मी के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी। स्वास्थ्य कर्मी ने बताया विगत एक महीने से हड़ताल के कारण उन्हें वेतन नहीं मिल रहा है। ऐसे में चोरी हो जाने से काफी दुःखी थीं।

## छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आरके पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं ने उनके प्रति सम्मान प्रकट करते हुए कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् ई.अलखनाथ पाण्डेय ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन उन्होंने कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामना दी एवं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की कामना की। परीक्षा का टिप्स देते हुए बताया कि अनुशासन व समय की महत्ता जीवन में सफलता की पहली सीढ़ी है, इसको जीवन में सफलता का मूलमंत्र मानकर ही आप अपने लक्ष्य को पा सकते हैं। उन्होंने शिक्षा ग्रहण करने में शिक्षक वअभिभावकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उनकी प्रेरणा से ही विद्यार्थी कठिन परिश्रम कर सफलता प्राप्त करते हैं। उन्होंने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को कड़ी मेहनत और लगन से निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने की अपील की। इसके पश्चात कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं ने द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में शामिल सभी शिक्षकों ने बच्चों को आशीर्वाद और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की खुले मन से सराहना की। विदाई समारोह में कक्षा 12वीं से आदित्य जायसवाल, विशाल कुमार दुबे, मानसी कुमारी,शानू प्रिया,आर्या पांडेय,साक्षी तिवारी,नूर फातमा, कृष्णा पांडेय, शानवी सिंह, ज्योति कुमारी,प्रसुन्न कुमार शुक्ला, अमन कुमार दुबे, प्रणव प्रशांत पाठक, आरव कुमार चौबे व अन्य सभी लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कक्षा 11वीं से सत्यम कुमार,वैष्णवी कुमारी, मानसी कुमारी,मनीषा कुमारी का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11वीं के खुशी कुमारी एवं अभिषेक कुमार के द्वारा किया गया।

## प्रतिमा स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम को धूमधाम से मनाने को लेकर की बैठक

**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर के प्रांगण में महाशिवरात्रि पूजा एवं 21 फरवरी को होने वाले 17वा दुर्गा प्रतिमा स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम को धूमधाम से मनाने को लेकर दिनेश गुप्ता की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महाशिवरात्रि पूजा एवं स्थापना दिवस समारोह को मनाने को लेकर विस्तार रूप से चर्चा करते हुवे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। जिसमें महाशिवरात्रि से लेकर 21 फरवरी स्थापना दिवस तक मंदिर को फूल व डेकोरेशन से विधवत रूप से सजाने,पूजा पाठ करते हुवे हवन के बाद महा प्रसाद का वितरण करने का निर्णय लिया गया। जानकारी देते हुवे अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने बताया कि मंदिर के साफ सफाई के साथ पूरे प्रांगण को फूल डेकोरेशन से आकर्षित रूप से सजाया जाएगा। वही मंदिर के प्रांगन में दुर्गा पाठ, हवन के बाद महा भंडारा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। मौके पर कोषाध्यक्ष रविशंकर गुप्ता उर्फ बबलू गुप्ता,उपाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद,संभू गुप्ता, संतोष प्रसाद, उमेश प्रसाद,संतोष गुप्ता,राजेंद्र प्रसाद, पप्पू प्रसाद, मुन्ना प्रसाद, कंहाई प्रसाद, मिठू गुप्ता, राकेश कुमार उर्फ गुडु प्रसाद, जितेंद्र कुमार, रविंद्र प्रसाद, गुडू पांडेय, सतेंद्र प्रसाद, सुमित कुमार, विजय प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## शिवपहाड़ी गुफा परिसर मेले के लिए सजकर तैयार

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि आज प्रखंड का ऐतिहासिक शिवपहाड़ी गुफा परिसर महाशिवरात्रि के मौके पर लगने वाले दो दिवसीय मेले के लिए सज धज कर तैयार हो गया है। वहीं गुफा के अंदर शिवभक्तों के जाने एवं निकलने के लिए समुचित लाइट एवं साउंड के साथ मेडिकल व्यवस्था दुरुस्त कर ली गयी है। मेला समिति ने शिवपहाडी गुफा में शिव दर्शन के लिए आने वाले शिवभक्तों को कतारबद्ध तरीके से अंदर ले जाने एवं बाहर निकलने तक की कार्य योजना तैयार कर ली है। इसके लिए कमिटी की टीम गुफा के प्रवेश द्वार से लेकर काशी करवट तक विभिन्न स्थानों पर दो दिन तक मुस्तैद रह भक्तो का मार्ग प्रशस्त करेगी। परिसर में उद्घोषक टीम के साथ कुछ सदस्य विधि व्यवस्था पर नजर रखते हुए प्रशासन का सहयोग करेंगे।

## पांच सोलरयुक्त जलमीनार का शिलान्यास और तीन जलमीनार का उद्घाटन किया



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या एक,दो,तीन,पांच व पंद्रह में लगभग 50 लाख की लागत से पांच सोलरयुक्त जलमीनार का शिलान्यास तथा तीन सोलरयुक्त जलमीनार का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी,संबंधित वार्ड पार्षद, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे व विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ ने संयुक्त रूप से शिलापट्ट का अनावरण कर एवं नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि मैं नगर पंचायत क्षेत्र के समुचित विकास के लिए संकल्पित हूँ.उन्होंने कहा कि सोलर युक्त जल मीनार से जलापूर्ति कर प्रत्येक घरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि पांच जलमीनार का शिलान्यास व तीन का उदघाटन किया गया है। प्रत्येक जल मीनार से 30 घरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। हमने इसकी रूपरेखा तैयार कर गर्मी से पहले नगर पंचायत क्षेत्र के लगभग घरों को पेयजल आपूर्ति करा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह सब आपके विश्वास के प्रति हमने दृढ़ संकल्प के साथ सभी योजनाओं को पारदर्शिता के साथ धरातल पर उतारा है। पीसीसी पथ, आरसीसी नाली, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना, महिला समूह, नगर उंटारी में कार्यरत भेणडर लोगो के बीच प्रमाण पत्र का वितरण कर उन लोगों को नगर पंचायत से मिलने वाली प्रधानमंत्री ऋण योजना के तहत लगभग 70 व्यक्तिगत लोगों को ऋण प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि राम नवमी के अवसर पर नगर पंचायत क्षेत्र में लगभग 60 लाख की लागत सेओपन पार्क जिम का शिलान्यास किया जायेगा। जिससे नगर पंचायत क्षेत्र वासियों को इसका लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र को अग्रणी पंक्ति में शामिल कराना मेरा मुख्य उद्देश्य है. मौके पर सदर तौहिद खान, वार्ड 5 के पार्षद सामूअल तिर्की, वार्ड 3 के पार्षद शकील अहमद उर्फ गुल्लू ,नसरुल्ला खान, अनिल गुप्ता, संतु दुबे, कमलेश महतो, मिंटू कुमार, प्रो महमूद आलम, पप्पू खान, गायत्री देवी, शकुंतला देवी, प्रमिला देवी, कबूतरी देवी, मालती देवी सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

### तीसरे दिन भी बंद रही गढ़वा बाजार समिति

# लागू टैक्स बिल नहीं लिया वापस, तो बाजार अनिश्चितकालीन रहेगा बंद : व्यवासायी संघ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड राज्य में नए कृषि कानून और 2% टैक्स बढ़ोतरी को लेकर व्यवसाई संघ ने खाद्य व्यापार अनिश्चितकालीन बंद कर दिया है। उसका असर आज तीसरे दिन भी गढ़वा बाजार समिति में देखने को मिला जहां व्यवसाय संघ के अध्यक्ष राजेश गुप्ता व कई व्यवसाईयो ने अपने दुकान बंद कर अनिश्चितकालीन बंद का समर्थन किया मौके पर व्यवसाय संघ के अध्यक्ष ने कहा कि राज्यव्यापी अनिश्चितकालीन बंद के समर्थन में कृषि काला कानून व बाजार शुल्क में 2% बढ़ोतरी को लेकर हम सभी व्यवसाय अपना प्रतिष्ठान बंद कर राज्य सरकार से यह मांग करते हैं कि सरकार यह कृषि काला कानून और बाजार शुल्क में 2% जो बढ़ोतरी की है। वह बिल वापस ले ताकि यहां का व्यवसाय प्रभावित ना हो बाजार समिति पर पूरे जिले का व्यवसाय आधारित है। जहां एक तरफ लोग व्यवसाय करने आते हैं। वहीं दूसरी ओर यहां से सामान की खरीदारी कर सुदूर देहात में देहात में स्थित अपने दुकानों में ले जाकर उसकी बिक्री कर दो पैसे का दो पैसे का उपार्जन करते हैं। जिससे उनका घर परिवार चलता है। यदि यह बिल नहीं वापस हुआ और इसी तरह बन रहा तो इस बंदी से लाखों लोग प्रभावित होंगे।




### मौके पर ये रहे उपस्थित

मौके पर पिंटू गुप्ता संदीप केसरी विश्वनाथ सिंह उर्फ बाबू साहेब, शेखर मोहम्मद मोहम्मद, शेखर भगवान महतो, दिनेश गौड़, विश्वनाथ केसरी इत्यादि काफी संख्या में लोग अपना व्यवसाय बंद कर अनिश्चितकालीन समर्थन में मौजूद थे।

## कृषि विद्युत बिल लागू नहीं करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड सरकार द्वारा लागू किए जाने वाले कृषि विधेयक बिल के विरोध में पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज श्री बंशीधर नगर इकाई के अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के आवास पर जाकर कृषि विद्युत बिल लागू नहीं करने के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने लिखा है कि झारखंड सरकार द्वारा कृषि विभाग भी प्रस्ताव पारित किया गया है जिससे खद्दान एवं फल, आलू, प्याज पर 2% झारखंड सरकार द्वारा शुल्क लगाया जा रहा है। इस बिल से झारखंड की गरीब जनता पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा खाद्यान्न जैसे अति आवश्यक सामग्री महंगी हो जाएगी। इसके फलस्वरूप किसान, आम जनता, उपभोक्ता एवं व्यापारी पर महंगाई की दोहरी मार पड़ेगी तथा व्यवसाय पर गिरावट आएगी। इस कानून से सभी व्यवसाय आहत है। उन्होंने कहा है कि झारखंड के पड़ोसी राज्य बिहार, बंगाल और उड़ीसा में इस प्रकार की मंडी शुल्क नहीं लगता है। पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज श्री बंशीधर नगर इकाई ने झारखंड प्रोडक्शन के आवाहन पर 15 फरवरी से श्री बंशीधर नगर के सभी आढ़ती व्यवसाई दुकानों को बंद रखेंगे। वहीं झारखंड में कृषि विधेयक बिल को वापस नहीं लिया गया तो आवश्यकता पड़ने पर सभी व्यवसाई अपने प्रतिष्ठान को बंद करने का भी चेतावनी दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में चेंबर अध्यक्ष शंभू नाथ सौदागर, अशोक जायसवाल, रवि प्रकाश, राहुल जयसवाल, अनूप निराला, आनंद अग्रवाल, देव कुमार, अरविंद कुमार, नीरज कुमार, गोलू कुमार, मनोज कमलापुरी भाई जी, राजेश जयसवाल, बबलू गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## समीक्षा बैठक का आयोजन किया

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड कार्यालय में झारखंड राज्य लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के द्वारा बीपीएम मनोज कुमार तिर्की के अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों को लक्ष्य को देखते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया। साथ ही महिला समूह के सदस्यों का आधार सिडिंग के लिए बचे हुए सदस्यों का व्यक्तिगत खाता बैंक के माध्यम से कैंप लगाकर खुलवाने का भी निर्देश दिया गया। इस अवसर पर बीपीओ अविनाश शुक्ला के द्वारा मृत हुए लोगों का क्लेम सेटलमेंट के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही आजादी के दूसरे चरण के अंतर्गत पंचायत के प्रत्येक गांव में डिजिटल लेन देन के बारे में समाज के अंतिम व्यक्ति तक जानकारी देने का निर्देश दिया गया। यह कार्यक्रम 15 अगस्त 2023 तक किया जाना है जिसमें समूह की महिलाएं भी शामिल रहेंगी। इस समीक्षा बैठक में प्रखंड से एडमिन प्रकाश कुमार, एफटीसी सुदामा कुमार रवि, सीसी सुनील पांडेय, राजनाथ चौधरी, सुमंत, संतोष, सत्येंद्र , बीआरपी, एलसीआरपी, आइपीआरपी तथा बैंक सखी लक्ष्मी देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## नये प्रभारी चंदन कुमार ने लिया प्रभार

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना के नए थाना प्रभारी पद पर चंदन कुमार ने आज पदभार ग्रहण किया मौके पर थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि गढ़वा सदर थाना क्षेत्र के सभी नागरिक एवं आम जनों एवं प्रतिनिधियों से सामंजस्य बनाकर गढ़वा जिले को भय मुक्त एवं अपराध मुक्त बनाने का काम करूंगा साथ ही हर केश के अनुसंधान पर विशेष नजर रहेगी व महिला यदि कोई समस्या लेकर थाने आयेगी तो उनके समस्या का समस्याओं को जल्द समाधान किया जायेगा।

## अरमान को जेइइ मेन्स की परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक मिला



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** टीडीएम इंटर कॉलेज अधौरा के छात्र अरमान चतुर्वेदी ने इतिहास रच दिया है। उसने आईआईटी का प्रवेश द्वारा माने जाने वाले जेईई मेन की परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। उसने इस सफलता के साथ ही श्री बंशीधर नगर सहित गढ़वा जिला का नाम रौशन किया है। श्री बंशीधर नगर से सटे चौबेडीह गांव के समाजसेवी सह राजनीतिक कार्यकर्ता अनुपम चतुर्वेदी का पुत्र अरमान टीडीएम इंटर कॉलेज अधौरा का छात्र है। इस वर्ष वह 12वीं की फाइनल परीक्षा लिखेगा।

### कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

ज्ञापांक........................ खूँटी, दिनांक........................

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, खूँटी क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थलों पर स्थित दुकानों का आवंटन किया जाना है। इस हेतु दिनांक 04.03.2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में इच्छुक आवेदक निम्नांकित शर्त्तों पर आवेदन मुहरबंद लिफाफा (EOI) आमंत्रित की जाती है। प्राप्त आवेदन (EOI) दिनांक 04.03.2023 को अपराह्न 4:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कक्ष में खोली जाएगी। आवेदन (EOI) समर्पित करने वाले आवेदक बैठक में उपस्थित हो सकते हैं।

| क्र0 | दुकान स्थल | दुकान की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | गया मुण्डा कम्प्लेक्स | 7 |
| 2 | तमाड़ बस स्टैंड | 2 |
| 3 | जयपाल सिंह मुण्डा मार्केट | 1 |
| 4 | एस0एस0+2 स्कूल बाजार टांड़ | 4 |
| 5 | बिरसा कॉलेज कैम्पस बाजार टांड़ | 1 |
| | कुल | 15 |

नोटः– निविदा के नियम व शर्त्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/– कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, खूँटी

PR 290588 Urban Development (22-23)_D

### उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा (समाज कल्याण शाखा)

**इच्छा की अभिव्यक्ति**
**(Expression of Interest)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत संचालित 300 आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों के दिवाल पर तीन तरफ सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का पोस्टर लगाने हेतु प्लाई बोर्ड फ्रेम **(19-25 mm मोटा/4 इंच चौडा/दो लाईन)** लगाया जाना है। उक्त के निमित् वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है। आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में किया जायेगा।

अतः इच्छूक आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) का आवेदन मुहरबन्द लिफाफा में **उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए** स्थान– जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में दिनांक– 27/02/2023 को पूर्वाह्न/अपराह्न 11:00 बजे तक हाथों–हाथ या स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति उपायुक्त, कोडरमा के सभा कक्ष में दिनांक–27/02/2023 को 02:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न में खोला जायेगा।

**नोटः– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।**

उपायुक्त,
कोडरमा।

PR 290576 (Women, Child Development & Social Security) 22-23 (D)

### MINOR IRRIGATION DIVISION, RANCHI.
### e-Tender e-Procurement Notice

इस कार्यालय के पत्रांक– 766 दिनांक– 12.11.2022 द्वारा PR No.- 282276 दिनांक– 15.11.2022 एवं पत्रांक 937 दिनांक– 21.12.2022 द्वारा PR No.- 285729 के क्रम संख्या– 07 पर प्रकाशित निविदा की प्रथम एवं द्वितीय अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रित की गई थी।

**Short Re-Tender Reference No. WRD/MID/RANCHI F, - 07/2022-23 (3rd Call)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | **Under Minor Irrigation Division, Ranchi.** Construction of Single Check Dam on **Basri Nala, Vill- Ranji Tola** Block:- Burmu, Dist- Ranchi, Estimated Cost- **Rs. 11632963.12** |
| 2. | Time of Completion | (11 months) |
| 3. | Date of Publication of E - Tender on website | **21.02.2023 at 2.00 pm** |
| 4. | Last date/Time for submission of E-Tender BID's | **03.03.2023 up to 5:00 pm** |
| 5. | Last Date for receipt of e-tender hard copy bid's fee, security and other document's At | (1) Executive Engineer, M. I. Division, Ranchi (2) Superintending Engineer, M. I Circle, Ranchi (3) Executive Engineer, Design Division, Ranchi. **04.03.2023 up to 5:00 pm** |
| 6. | Date of Opening Tender | **06.03.2023 at 2:00 pm** |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, M.I. Division, Ranchi, Room No. 302, Abhiyantran Bhawan, Kutchery Chowak, Ranchi |
| a. | Contact no. of e-Procurement officer | 9431190681 |
| b. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-3512781/Email ID- eemidran-cemr-jhr@nic.in |

**Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.**
**(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease**

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
Minor Irrigation Division, Ranchi.

PR 290575 Minor Irrigation(22-23)D

### e-Procurement Cell
### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION NO.- 2, RANCHI**
**(Behind State Guest House, Morhabadi) Deendayal Nagar, Booty Road, Ranchi-834008**
**E-mail : eebcdrandiv2@gmail.com**

**E-Quotation Inviting Notice (Very Short Notice)**

Quotation Reference No: BCD/Bld. Div.No.-2 /04/2022-23 Dt.- 17.02.2023

Sealed Quotations are invited from Reputed Manufacturers/ Authorized dealers / Suppliers and other Stakeholders authorized for respective items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. shall be submitted online in the website http://Jharkhandtenders.gov.in. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The quotationer may download the documents from the website and quote their rates of Materials online from 24.02.2023 at 11:00 A.M to 02.03.2023 at 11:00 A.M. The quotation will be opened on 03.03.2023 at 11:00 A.M. The quotation is invited to ascertain and assess the rates of items as per with lowest market rate.

Detail information can be seen on website http://Jharkhandtenders.gov.in.

1. The quotationer shall submit basic rate of items which will be inclusive of Royalty and other taxes but exclusive of GST.
2. Quotationer may quote rate for all the items/ Part of the items for which they are concerned.
3. The quotationer shall quote latest and authentic rate which shall reflect market rate.
4. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
5. The quotationer shall furnish GST registration number.
6. The undersigned reserves the right to accept or reject/ cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.
7. For any query or clarification you may Contact Office of the Executive Engineer ,Building Construction Department, Building Division No.-2, Ranchi.

**Nodal Officer,, e-Procurement Cell**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department,**
**Building Division No.-2, Ranchi**

PR 290624 Building (22-23)_D

### जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा (अभियंत्रण कोषांग)

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 42/2022–23**

| | | |
|---|---|---|
| 1. विज्ञापन दाता का नाम | : | जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा |
| 2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि | : | दिनांक 24.02.2023 को 01.00 बजे अपराह्न तक |
| 3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | : | दिनांक 25.02.2023 को 04.00 बजे अपराह्न तक |
| 4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 25.02.2023 को 04.30 बजे अपराह्न में |
| 5. परिमाण विपत्र बिक्री की स्थान | : | जिला अभियन्ता का कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा। |
| 6. निविदा प्राप्त करने / खोलने का स्थान | : | जिला अभियन्ता का कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा। |
| 7. योजना मद | : | SCA मद |

8. कार्य का विवरण

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कुडू | जिंगी 3 ऑगनबाडी केन्द्र में जीर्णोद्धार एवं बाला पेन्टींग कार्य | 293400.00 | 750.00 | 5900.00 | 02 (दो) माह |
| 2 | लोहरदगा | उत्क्रमित राजकीय मध्य विद्यालय कैमो का मरम्मति कार्य | 992500.00 | 1250.00 | 19900.00 | 03 (तीन) माह |
| 3 | लोहरदगा | राजकीय प्राथमिक विद्यालय एने का मरम्मति कार्य | 670100.00 | 1250.00 | 13500.00 | 03 (तीन) माह |
| 4 | लोहरदगा | राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुजी का मरम्मति कार्य | 488700.00 | 750.0 | 9800.00 | 03 (तीन) माह |
| 5 | लोहरदगा | राजकीय मध्य विद्यालय तिगरा का मरम्मति कार्य | 676700.00 | 1250.00 | 13600.00 | 03 (तीन) माह |
| 6 | लोहरदगा | उत्क्रमित राजकीय प्राथमिक विद्यालय अरकोसा नावाटोली का मरम्मति कार्य | 652600.00 | 1250.00 | 13100.00 | 03 (तीन) माह |
| 7 | लोहरदगा | उत्क्रमित राजकीय उच्च विद्यालय अरकोसा का मरम्मति कार्य | 673700.00 | 1250.00 | 13500.00 | 03 (तीन) माह |
| 8 | लोहरदगा | उत्क्रमित राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुज्जी ठेंगा टोली का मरम्मति कार्य | 751700.00 | 1250.00 | 15100.00 | 03 (तीन) माह |

योजनाओं की विस्तृत विवरणी, निविदा की शर्त्तें जिला परिषद्, लोहरदगा के सूचनापट्ट पर देखी जा सकती है।
2. जिला परिषद लोहरदगा में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे। संवेदको को UCAN में निबंधन अनिवार्य होगा।
3. परिमान विपत्र हेतु बैंक ड्रॉफ्ट DDC-Cum-CEO, Zila Parishad, Lohardaga के पदनाम से देय होगा, जो बैंक ऑफ इण्डिया के कोर्ट एरिया लोहरदगा शाखा (बैंक कोड–4968) में भुगतेय होगा।

जिला अभियन्ता
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 290644 Lohardaga (22-23)_D

### विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक हुई

# विभिन्न योजनाओं के विरुद्ध प्राप्त लक्ष्य के अद्यतन प्रतिवेदन से अवगत कराया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2022-23 की समाप्ति के पूर्व आवंटन के विरुद्ध व्यय एवं लक्ष्य के विरुद्ध प्राप्त उपलब्धियों तथा विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक संपन्न की गई। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, कल्याण, समाज कल्याण, 15वें वित्त, राजस्व, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन आदि को लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं प्रखंड तथा अंचल अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न की गई, जिसके अंतर्गत प्राप्त आवंटन के विरुद्ध हुए अबतक के व्यय एवं विभिन्न योजनाओं के विरुद्ध प्राप्त लक्ष्य के अद्यतन प्रतिवेदन से अवगत कराया गया। सर्वप्रथम पंचायती राज विभाग के तहत प्राप्त 15न्थ फाइनेंस के आबद्ध एवं अनाबद्ध मद में प्राप्त आवंटन एवं उसके विरुद्ध किए गए खर्च के अद्यतन प्रतिवेदन से अवगत होते हुए स्वीकृत योजनाओं को अभी तक पूर्ण नहीं किये जाने पर उपायुक्त श्री घोलप द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई एवं जल्द से जल्द योजनाओं को पूर्ण कराने को निर्देशित किया गया। मंझिआंव प्रखंड के तहत पुअर परफारमेंस करने को लेकर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को हटाते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड समन्वयक को कारणपृच्छा करने एवं वेतन की निकासी पर रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया।

### बारी-बारी समीक्षा की

प्रखंड डंडा, गढ़वा, भंडरिया, धुरकी आदि अन्य प्रखंडों की भी बारी-बारी समीक्षा की गई। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मार्च 2023 के अंतिम तक सभी पेंडिंग स्कीम्स को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें। सभी प्रखंडों के पिछले 3 वित्तीय वर्षों के लेखा-जोखा का भी समीक्षा किया गया। समीक्षात्मक बैठक के दौरान स्पष्ट प्रतिवेदन अंकित नहीं रहने के कारण सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं पंचायती राज पदाधिकारी तथा डीपीएम पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सही तरीके से नियमित मॉनिटरिंग करने के लिए कहा गया।

## सेन्हा में सड़क दुर्घटना में मां-बेटा घायल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा चौक के समीप तेज रफ्तार बस की चपेट में आकर मां बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार लोहरदगा से घाघरा की ओर जा रही बसंत बस जे एच 01 सी जी 9822 ने कोराम्बे की ओर से आ रही बाइक जे एच 07 एफ 1207 को कंडरा चौक स्थित कोराम्बे मोड़ में टक्कर मारते हुए लक्ष्मण उरांव के घर में जा घुसा। जिससे बाइक सवार महिला व पुरुष घायल हो गये। वहीं खपरैल मकान क्षतिग्रस्त हो गया। घायल की पहचान सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत भुरसो बेंगवा टोली निवासी स्वर्गीय सुखदेव उरांव के पुत्र संजीत उरांव एवं घायल की मां गन्दौरी देवी के रूप में किया गया। वही घटना की सूचना मिलते ही सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान दल बल के साथ पहुंच घायलों को इलाज हेतु ग्रामीणों के सहयोग से एंबुलेस 108 से लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

## 44 युवतियां चेन्नई, तमिलनाडु रवाना



**लोहरदगा।** उपायुक्त द्वारा आज जिला कौशल विभाग, लोहरदगा की ओर से संचालित हुनर है तो कदर है योजनांतर्गत जिला के 44 युवतियों को चेन्नई (तमिलनाडु) सेलिब्रिटी फैशन लिमिटेड के लिए रवाना किया गया। उपायुक्त द्वारा हटिया स्टेशन तक के लिए बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इन युवतियों का प्लेसमेंट स्किल सेंटर, सेन्हा में प्रशिक्षणोपरांत किया गया है। बस को रवाना करने से पूर्व उपायुक्त द्वारा युवतियों को जॉब ऑफर लेटर भी प्रदान किया गया। मौके पर जिला कौशल विकास पदाधिकारी दिनेश भगत, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो समेत बड़ी संख्या में युवतियां उपस्थित रही।

## पशु सखियों को दी गयी पशुपालन की जानकारी

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड परिसर स्थित प्रांगण में भारत सरकार द्वारा संचालित पशुधन योजना के तहत पशु सखी महिलाओं के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से जिला पशुपालन पदाधिकारी अनूप कुमार उपस्थित हो योजना से लाभ एवं कार्य करने की शैली पर प्रकाश डालते हुए महिलाओ को भारत सरकार की योजना में हाथ बटाने तथा रोजगार से जुड़ने की जानकारी 38 महिला पशु सखी को दिया गया। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि 38 महिला पशु सखी द्वारा इस कार्य को किया जा रहा है जिसमें लगभग 25 ऐसे महिला पशु सखी है जो छोटे पशु को टीकाकरण का कार्य कर रहीं है। उन सभी महिलाओं को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा और जो इच्छुक महिला है उन सभी को भी प्रशिक्षण पंचायत वार आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रखंड भ्रमण शील पशु चिकित्सक पदाधिकारी डॉ. रोहित कुमार के अलावे बाबू साहब सिंह,शशि कुमार महतो सहित पशु सखी महिला उपस्थित थे।

## भर्ती कैंप का आयोजन 20 फरवरी को

**लोहरदगा।** कार्यालय जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में भर्त्ती कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैम्प में नैश इंडस्ट्रीज, चेन्नई भाग लेगी। इसमें फैक्टरी हेल्पर व असिस्टेंट के कुल 100 पद हैं। अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं पास/12वीं पास/स्नातक/किसी भी ट्रेड में आईटीआई रखा गया है। अभ्यर्थियों की उम्र 18 से 30 वर्ष होनी चाहिए। योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपी, फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों। साक्षात्कार सुबह 11:30 बजे से होगी। कोविड-19 को देखते हुए समाजिक दूरी एवं मास्क का इस्तेमाल अनिवार्य होगा। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तो के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है। उक्त जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी अश्विनी कुमार सिंह ने दी।

## टाटा मोटर्स ने इलेक्ट्रिक कार लॉन्च किया



**लोहरदगा।** लोहरदगा टाटा मोटर्स की एस एस मोटोजेन शाखा मे टाटा टियागो इलेक्ट्रिक व्हिकल का लॉन्च भारतीय स्टेट बैंक के वरीय मैनेजर कुमार रंजन द्वारा फीता काट कर तथा केक काट कर सुभारम्भ किया गया` इस अवसर पर एस एस मोटो जेन के सेल्स मैनेजर अवधेश कुमार झा ने बताया की इलेक्ट्रिक कार का 4 रेटिंग है। और 306 किलोमीटर तक का सफर एक बार बैटरी चार्ज कर की जा सकती है, एक किलोवाट बैटरी पर झारखंड सरकार द्वारा अनुदान स्वरुप 5 हजार रुपैया देती है। जबकि टाटा कार की बैटरी कैपेसिटी 19 किलोवाट से 24 किलोवाट तक होती हैं और झारखंड सरकार 50 हजार से एक लाख रुपैया तक अनुदान प्राप्त होगा। इस अवसर पर ग्राहकों ने कार का टेस्टिंग किया गया उनमे सत्यकाम, राहुल कौशल, किशोर वर्मा ने बताया की कार बहुत ही शानदार हैं बस केवल चार्जिंग स्टेशन बन जाने पर आम उपभोक्ता को पेट्रोल और डीजल की मारामारी और महंगाई से राहत मिलेगी। इस अवसर पर टी एम ए मैनेजर रमेश जायसवाल, लोहरदगा ब्रांच से आशुतोष तिवारी, विकास कुमार, अलोक मिश्रा, योगेंद्र प्रजापति एवं अनेक गान्य मान्य व्यक्ति उपस्थित थे` कार के फाइनेंसर एच डी बी, चोला मंगलम, ग्रामीण बैंक,एस बी आई, पी एन बी, एच डी एफ सी आदि हैं।

## उर्स का उत्साह चरम पर, चादरपोशी का दौर जारी



लोहरदगा। शहर के थाना रोड बड़ी मस्जिद परिसर में स्थित बाबा दुखन शाह (रहमत अलैह) के मजार पर कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, मंत्री पुत्र रोहित उराव उर्स के दौरान चादर पोशी किया चादरपोशी कर राज्य और जिले की उन्नति की कामना करते हुए लोगों में आपसी भाईचारा कायम रहे इसके लिए मन्नते मांगी गयी। मौके पर लोहरदगा अंजुमन इस्लामिया के ओहदेदार सभी को पगड़ी पोशी कर सम्मानित किए। मौके पर कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा की झारखंड के तमाम जनता की खुशहाली शांति और विकास के लिए हजरत बाबा दुखन शाह से से कामना है। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा दुःखन बाबा लोहरदगा के शांति के अग्रदूत हैं। बाबा के मजार पर सामाजिक समरसता का संदेश प्रति वर्ष पुरुष के माध्यम से जाता है। बाबा दुखन शाह की कृपा से भविष्य मे भी लोहरदगा में शांति, सौहार्द, भाईचारा, व खुशहाली का वातावरण बना रहेगा। चादरपोशी में मुख्य रूप से उपस्थित सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी अफसर कुरैशी, सेक्रेटरी सफदर आलम, नाजीमें आला अब्दुल जब्बार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## डीसी ने अवार्ड मनी से चयनित दीदी कैफे के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया

**लोहरदगा।** डीसी के द्वारा कुडू प्रखंड में नीति आयोग के अवार्ड मनी से चयनित दीदी कैफे के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण प्रखंड के कुडू चौक और हेंजला में किया गया। डीसी द्वारा प्रखंड मुख्यालय में संचालित पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया गया और बीडीओ को आवश्यक निदेश दिये गये। टाटी पंचायत में लघु सिंचाई प्रमंडल द्वारा कार्यान्वित चेकडैम की योजना का भी निरीक्षण उपायुक्त द्वारा किया गया।

## आजसू पार्टी ने वीर बुधू भगत की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

# वीर बुधू भगत के आदर्शों पर चलकर करूंगी क्षेत्र का विकास: नीरू शांति

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को में स्थापित अमर शहीद वीर बुधू भगत के जयंती पर आजसू पार्टी की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बता दें कि विगत सन् 2014 में किस्को मुख्य चौक के बगल पर स्थित झारखंड ग्रामीण बैंक के समीप में वीर बुधू भगत की प्रतिमा का अनावरण आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह लोहरदगा विस क्षेत्र के पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के सौजन्य से निर्मित किया गया था। तब से आजसू पार्टी की ओर से प्रत्येक वर्ष वीर बुधू भगत के जयंती के उपलक्ष्य पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते आ रहे हैं। इधर वीर शहीद वीर बुधू भगत के जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत आजसू पार्टी की केंद्रीय महिला मोर्चा उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी नीरू शांति भगत ने कहा कि वीर बुधू भगत के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना और गांव समाज के लोगों का समुचित विकास करना मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारी नेता पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत ने अपने जीवन काल में क्षेत्र के सभी वीर शहीदों और आंदोलनकारियों के सम्मान में गंभीरता दिखाते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देने का कार्य किया करते थे उन्हीं के वजह से वीर शहीदों को उचित सम्मान मिला है। आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी और आंदोलकारियों को आजसू पार्टी ही उचित सम्मान देने का कार्य किया करती है आगे भी वीर योद्धाओं को आजसू पार्टी की ओर से समारोह आयोजित कर सम्मान देने का प्रयास किया जायेगा। इस दौरान आजसू पार्टी की नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा कि वीर योद्धा अमर शहीद वीर बुधू भगत के जीवनी को आत्मसमर्पण कर क्षेत्र के विकास को लेकर आजसू पार्टी संघर्ष कर लोगों को उन्हें उनका हक अधिकार दिलाने में अहम भूमिका निभाने का विशेष कार्य करेगी। इधर वीर शहीद बुधू भगत के जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद आजसू नेत्री नीरू शांति भगत एवं अन्य कार्यकताओं ने रामगढ़ उप चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार प्रसार हेतु रामगढ़ रवाना हुए। मौके पर केंद्रीय प्रवक्ता अंजू देवी, केंद्रीय सचिव अरविंद यादव, कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान नगर अध्यक्ष अशोक कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में आजसू के कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

# शिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक की

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार सदर थाना क्षेत्र के डीही, पतरातू ग्राम में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार शुक्रवार को अंचलाधिकारी रुद्र प्रताप, अनुमंडल पदाधिकारी संतोष मिश्र, सदर थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी के नेतृत्व में महाशिवरात्रि पूजा को लेकर एवं दोनो समुदाय में आपसी समन्वय बनाए रखने को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रशासन द्वारा दोनो समुदायों के बीच आपी समन्वय बनाए रखने को लेकर अपील की गई। इस दौरान एचडीपीओ संतोष मिश्र ने कहा कि किसी के त्यौहार में खलल उत्पन्न ना करें। आपसी समन्वय बना कर त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। अगर किसी के द्वारा उपद्र किया जाता है तो इसकी सूचना जिला प्रशासन को तुरंत दें ऐसे लोगों पर जिला प्रशासन के द्वारा तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अंचलाधिकारी रूद्र प्रताप ने कहा कि दूसरी जगह में होने वाली घटनाओं पर प्रभावित ना हो ये गांव आपका है। दोनो समुदाय के लोग आपसी समन्वय बना कर रखे। आप लोग वैसे लोगो को चिंहित करे जो गांव को खराब करने में लगे हैं। वैसे व्यक्ती को चिंहित कर इसकी सूचना जिला प्रशासन को दे। जिसके बाद जिला प्रशासन के द्वारा तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।सदर थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी ने लोगों से कहा कि आप सभी लोग आपसी भाईचारे को बनाए रखें और क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने का काम करें। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर कोई ऐसी घटना होती है इसकी सुचना जिला प्रशासन को दे। आप लोग आपसी भाईचारी एव आपसी समन्वय बनाकर त्योहार को मनाए। भविष्य में ऐसी घटना दुबारा ना हो इसके लिए आप लोगों को आपसी भाई चारी बनाए रखने की जरुरत है। ज्ञात हो कि सरस्वती पूजा को लेकर दो पक्षों में पतरातू ग्राम में आपसी झढप हो गयी थी। दुबारा भविष्य में ऐसी घटना ना हो इसके लिए दोनों समुदाय के बीच ताल में बना कर रखे। इस बैठक में एसआई गौरव सिंह एसआई राज रोशन सीना एसआई धर्मेंद्र कुमार महतो एसआई शत्रुघ्न सिंह सिंह, डीही पंचायत समिति उमर आलम, विनोद सिंह, लालमोहन सिंह, अकबर खान, मदन प्रसाद, सदन खान, मदन प्रसाद , रियाज मियां,चंदन साव, अतीक मियां, मंजर हुसैन, उपेन्द्र प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि पर शिवालयों में आज होगी महादेव व पार्वती की आराधना

**लोहरदगा।** महाशिवरात्री का त्योहार शनिवार को जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में पूरी श्रद्धा और उमंग के साथ मनाया जाएगा। अहले सुबह से स्थानीय शिवालयों एवं देवालयों में शिवभक्तों की भीड पूजा अर्चना के लिए उमडनी शुरू हो जाएगी। महाशिवरात्री को लेकर शिवालयों में रुद्राभिषेक, जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और पूजा अर्चना भव्य तरीके से किया जाएगा। शिवरात्रि को लेकर स्थानीय प्रमुख शिवालयों में भक्तों का मेला लगा रहेगा। शिवरात्री के मौके पर भगवान शिव के विभिन्न मन्दिरों में अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा और शाम में शहर के महादेव आश्रम स्थित बुढुवा महादेव मंदिर परिसर से शिवभक्तों और गणों के साथ शिव बारात निकाली जाएगी। शिव बारात में शिव प्रतिमा को दुल्हें के रूप में श्रृंगार कर बिराजमान कर शहर में बारात निकाली जाएगी। बारात में शामिल शिवभक्त गणों की वेषभूषा धारण कर सड़क पर नाचते गाते चलेंगे। स्थानीय महादेव आश्रम से शिव बारात निकल कर तिवारी दुरा हटिया गार्डेन, चन्द्रशेखर आजाद चौक, थाना चौक, गुदरी बाजार होते हुए इस्ट गोला रोड होते हुए देवी मण्डप पहुंचेगी। देवी मण्डप परिसर में शिव बारातियों का स्वागत सत्कार किया जाएगा। रात्रि में शिव आराधना, शिव पार्वती विवाह के कार्यक्रम आयोजित किये जाएगे। शिवरात्री पर महादेव आश्रम स्थित बुढुवा महादेव मंदिर, ठाकुरबाडी शिव मंदिर, भण्डरा के अखिलेश्वर धाम, खखपरता का ऐतिहासिक तांत्रिक शिव मंदिर, कोराम्बे को ऐतिहासिक शिव मंदिर, सलगी चांपी का ऐतिहासिक महादेव मंडा मंदिर सहित शहर के विभिन्न शिवालय को विशेष तरीके से सजाया गया है। शिवालयों की साज सजावट एवं भक्तिमय स्वर लहरियों से पूरी तरह वातावरण भक्तिमय बना रहा है। पुरोहितो ने बताया कि फाल्गुन मास में कृष्ण चतुर्दशी को महाशिवरात्रि व्रत मनाया जाता है।

# प्रतिभा खोज परीक्षा में नवीं कक्षा की छात्रा गुण पांडेय बनी स्टेट टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के नवम कक्षा की छात्रा गुण पांडेय को विद्या भारती प्रतिभा खोज परीक्षा में पूरे झारखंड प्रांत में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इसके लिए बहन गुण पांडेय को पुरस्कार के रुप में ₹5000 और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्रतिभा खोज परीक्षा में ही मयंक कुजुर, अभिषेक कुमार साहू को सांत्वना पुरस्कार के रूप में एक-एक हजार रुपए की नकद राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। इसके साथ ही प्रतिभा चयन परीक्षा में शौर्य पांडेय को भी सांत्वना पुरस्कार के रुप में ₹1000 एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ। साथ ही प्रांतीय निबंध प्रतियोगिता में बहन आयुषी कुमारी को सांत्वना पुरस्कार के रुप में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन में विद्या मंदिर, लोहरदगा को अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में बाह्य विद्यालयों को उल्लेखनीय रूप से सम्मिलित कराने के लिए विशेष पुरस्कार के रुप में स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। निर्धारित मानकों के अनुसार प्रांतीय योजनाओं को गति देने के लिए विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास को झारखंड प्रांत केश्रेष्ठ प्रधानाचार्य का पुरस्कार प्राप्त हुआ। इससे विषय निष्ठ शिक्षा के साथ भैया बहनों का सर्वांगीण विकास होता है।

## कार्यक्रम : प्रमुख के द्वारा बीडीओ के चेंबर में बैठना पड़ा महंगा

# सीओ ने गार्ड से कहा प्रमुख को बाहर करो

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** सदर प्रखंड लातेहार के नवनिर्मित प्रखंड कार्यालय भवन में प्रखंड प्रमुख को बैठने का कोई साधन नहीं मिलने पर उन्होंने रोष जताते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में जाकर उनके कुर्सी पर बैठ गए। जिसके बाद इसकी सूचना जैसे ही वीडियो को मिली तो उनके द्वारा इसकी सूचना सीओ को दी गई। सूचना मिलते ही सीओ रूद्र प्रताप वीडियो मेघनाथ उरांव वहां पहुंचे और प्रमुख को कहा कि किसी के कुर्सी में बैठने का कोई अधिकार नहीं है अगर आपको कोई तकलीफ हो तो आप कुर्सी में ना बैठ कर बगल की कुर्सी में बैठ सकते हैं। जिसके अंचला अधिकारी द्वारा गार्ड को बुलाकर प्रमुख को कार्यालय से बाहर निकाला गया। बताते चलें कि यह नोकझोंक का मुख्य कारण नवनिर्मित प्रखंड कार्यालय खुलने के पश्चात प्रखंड प्रमुख ने देखा कि मेरे लिए बैठने का कोई भी व्यवस्था नहीं किया गया है। जिसके बाद प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में जाकर बैठे गए। जिसे लेकर बीडीओ एवं सीओ से काफी नोक- झोंक हुई जिसके बाद प्रखंड प्रमुख को बीडीओ के कार्यालय से निकाल कर उनके कार्यालय में व्यवस्था कर बैठाया गया। इस नोकझोंक के कारण बीडीओ एवं प्रखंड प्रमुख के द्वारा लातेहार थाना को प्राथमिकी दर्ज करने के संबंध में आवेदन दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अपने आवेदन में कहा कि अपने कार्यालय प्रकोष्ट पहुंचा तो देखा कि लातेहार प्रखण्ड प्रमुख परशुराम लोहरा मेरे अधिसूचित कुर्सी पर बैठे हुए हैं मुझे देखते ही मुझ पर भड़कने लगे कि मेरा कार्यालय कक्ष में कुर्सी, टेबल क्यों नही लगा है। इस पर उन्हें बताया गया कि नई प्रखण्ड भवन में पुराने प्रखण्ड भवन से सामग्री लाया जा रहा है, शीघ्र ही सारी व्यवस्था हो जायगी। बार-बार आग्रह करने पर भी मेरे अधिसूचित कुर्सी से नहीं उठे। जिससे मेरे मान सम्मान में ठेस पहुंचा है।सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का भी कार्य किया जा रहा है। जिसके बाद अंचल अधिकारी, लातेहार को सूचित करने पर अंचल गार्ड के साथ स्वयं आए तथा अंचल अधिकारी एवं अंचल गार्ड के कहने पर मेरे कार्यालय कक्ष से बाहर आकर कहे की आप वीडियो का काम कैसे यहाँ करते है।

## लातेहार में श्रम मंत्री का कार्यक्रम स्थगित

**बालूमाथ।** झारखंड में महामहिम नये राज्यपाल के आगमन को लेकर झारखंड सरकार के श्रम नियोजन कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता का कार्यक्रम लातेहार में स्थगित कर दिया गया है। उक्त जानकारी राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव ने दी। उन्होंने बताया कि 17 फरवरी को मनिका प्रखंड के बरवही गांव में अमर शहीद वीर बुधु भगत जयंती समारोह में श्रम नियोजन कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता को लेकर कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया था परंतु झारखंड में नये महामहिम राज्यपाल के आगमन होने के कारण अमर शहीद वीर बुधु भगत की जयंती समारोह में मंत्री शामिल नहीं होंगे।

## पोस्ता की खेती को नस्ट किया



**बारियातु।** बालुमाथ वन क्षेत्र पदाधिकारी राकेश कुमार को मीली गुप्त सुचना के आधार पर बारियातु वन पाल शिव मंगल सिंह व थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से बालुमाथ वन क्षेत्र के बालुभांग में अभियान चला कर दस से बारह एकड़ भूमि पर लगा पोस्ता की खेती को ट्रेक्टर से नस्ट किया। जानकारी देते हुए वन पाल सिंह ने बताया की वन पदाधिकारी राकेश कुमार को बालुभांग के वन क्षेत्र में पोस्ता की खेती लगने की गुप्त सुचना मिली थी। जिसके आधार पर बारियातू थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी, पुलिस अवसर निरिक्षक बिंदेशवर महतो, रवि कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से अभीयान चला कर दस से बारह एकड़ वन भुमि पर लगा पोस्ता खेती को चार ट्रेक्टर लगा कर नस्ट किया गया। वन क्षेत्रों मे लगाये गये पोस्ता के खेती के विरुद्ध कडी कार्रवाई की जा रही है।

## शिवरात्रि कार्यक्रम का आयोजन



**मनिका।** लातेहार जिले के मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित दिलीप चौधरी के आवास में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा 87वी त्रिमूर्ति शिव जयंती व शिवरात्रि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बली प्रसाद यादव सहित कई लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर केंद्र कि संचालिका बीके कविता बहन ने शिवरात्रि के रहस्य को बताया कहा कि आज तक हम शिव पर हम भांग धतूरा अकवन को चढ़ा ते आए है लेकिन उससे हमारा कल्याण नहीं हुआ। समाजसेवी बली प्रसाद यादव कहा कि आप सभी शांति कि स्थापना कर एक अच्छे समाज कि स्थपना कर सकते है। मौके पर बीके कविता बहन ने कहा कि हमें भी माउंटआबू जाने का मौका मिला और वहां जो शांति का अनुभव हुआ ।उससे मैं प्राभावित हूं। ऐसा लगा कि वास्तव मे यहां कुछ तो है। तत्पश्चात केक काटकर शिव जयंती मनाइ गयी। उसके बाद मुख्य अतिथि के द्वारा शिव ध्वज फहराया गया ।उसके बाद् सभी को ब्रह्मभोजन कराया गया। मौके पर सरिता माता वीना माता, संध्या माता, प्रतिमा माता, लक्ष्मी माता, प्रजवती माता, पूर्णिमा माता, पवन, कृष्णा, राजकुमार, सहित सैकड़ों भाई बहनो ने भाग लिया।

## शहीद वीर बुधु भगत का शहादत दिवस मनाया



**बालूमाथ।** सरना भवन में कोल विद्रोह के जननायक अमर शहीद वीर बुधु भगत का शहादत दिवस मनाया गया।कार्यक्रम की शुरूआत में आदिवासी के झारखंड प्रदेश के संयोजक देव कुमार धान ने पूजा की और इसके बाद अमर शहीद वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।बालूमाथ प्रखंड के सरना भवन में शुक्रवार को कोल विद्रोह के जननायक अमर शहीद वीर बुधु भगत का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत देव कुमार धान के ने पूजा की और इसके बाद अमर शहीद वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।इस अवसर पर शहीद वीर बुधु भगत, प्रदेश संयोजक के श्री देव कुमार धान ने कहा कि अमर शहीद वीर बुधु भगत का जन्म रांची जिला के जान्हो प्रखंड में शीला में उरांव परिवार में हुआ था। 1831-32 में जब अंग्रेजों का अत्याचार चरम पर था। उन्होंने आदिवासियों के जंगल, जंगल, जमीन व अस्मिता की हिफाजत के लिए पूरे छोटे नागपुर के आदिवासियों को संगठित कर अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह कर दिया था।इस कार्यक्रम में आदिवासी प्रदेश झारखंड के संयोजक देव कुमार धान रामलाल भगत रमेश उरांव जगदीश उरांव सुरेंद्र भगत रीमा खैरवार पूजा उरांव प्रमोद उरांव सहदुल उरांव दिलीप भगत कुले उरांव कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## नवाडीह प्रीमियर लीग 2023 सीजन 4 का फाइनल महा मुकाबला हुआ संपन्न




**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नवाडीह के नारी धुर्वा मोड़ मैदान में नारी नवाडीह क्रिकेट प्रीमियर लीग 2023 सीजन 4 का रोमांचक फाइनल महामुकाबला का भव्य रुप से समापन हुआ। इधर फाइनल सह समापन समारोह के मुख्य अतिथि कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष सुखेर भगत, कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, शाहिद अहमद बेलू, बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष सामूल अंसारी, चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स के कार्यकारी सदस्य राजेश महतो, प्रखण्ड अध्यक्ष यूनुस अंसारी, तनवीर गौहर, मुखिया मीना कुमारी एंव अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एंव कबूतर उड़ाकर खेल का शुभारंभ किया गया। जिसके बाद फाइनल मैच का आगाज हुआ। इधर फाइनल मुकाबला आयत क्लब एंव पिपली फाइटर के बीच खेला गया।जिसमें पिपली फाइटर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की ओर 101 रन का लक्ष्य दिया गया। जिसपर आयत क्लब रांची की टीम के जांबाज खिलाड़ी मौला द्वारा अंतिम बॉल में छक्का लगाकर अपनी टीम को जीत हासिल कराकर चैंपियन बनाया। इससे पूर्व सभी अतिथियों का आयोजन समिति की ओर से माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। फाइनल मुकाबला के दौरान मुख्य अतिथि के अलावा अन्य अतिथियों ने पूरे समय देकर रोमांचक मैच का लुफ्त उठाया। इस दौरान दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी थी।


झारखंड सरकार
श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
नियोजनालय खूंटी

भर्ती कैंप दिनांक: - 20.02.2023

जिला नियोजनालय, खूंटी के परिसर में दिनांकः - 20 फरवरी 2023 को पूर्वाहन 10:00 बजे से 4:00 बजे अपराहन तक एक दिवसीय भर्ती कैम्प 2023 आयोजन किया जाना है। भर्ती कैंप में SCHOOLNET INDIA LIMITED & DREAM WEAVERS EDUTRACK LTD. नियोजक ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:-

| SL NO | NAME OF EMPLOYER | POST | VACANCY | QUALIFICATION | AGE | SALARY | JOB LOCATION |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SCHOOLNET INDIA LIMITED MO NO-(8900022495) | ICT SCHOOL CORDINATOR/ COMPUTER TEACHER | 10 | Essential : PGDCA with Graduation (University) Desirable : BCA, MBA, B. Tech | 18 and above | 10,000 (GROSS) | Khunti Jharkhand |
| 2 | DREAM WEAVERS EDUTRACK LTD | Mobilizer | 8 | | 18 or above | 12000 to 15000 | All Jharkhand |

भर्ती कैंप मे भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को झारखंड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व से निबंधित नहीं हैं तो भर्ती कैम्प के पूर्व अपना निबंधन स्थानीय नियोजनालय में अथवा rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते भर्ती कैंप में उपस्थित नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु 10.00 पूर्वाहन तक अपनी उपस्थिति दर्ज करा लेंगें स-समय उपस्थिति नहीं होने पर साक्षात्कार में सम्मिलित नही किया जाएगा। जो उम्मीद्वारा पूर्व से निबंधित है, उन्हे पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है अतः चयन प्रकिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

रोजगार मेला में झारखंड राज्यांतर्गत निजी क्षेत्र के नियोजक भाग लेंगें, एवं इनके द्वारा अधिसूचित रिक्तियों में झारखंड राज्य अंतगर्त निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 लागू होगा। इन रिक्तियों के विरूद्ध स्थानीय उम्मीदवार के रूप में लाभ प्राप्त करने के लिए न्यूनतम अंचलाधिकारी के स्तर का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा।

ह./- जिला नियोजन पदाधिकारी
खूंटी

पत्रांक : 65, दिनांक : 17.02.2023

# सांता पब्लिक स्कूल का प्रयास सरहानीय: मिथिलेश कुमार सिंह

**गुमला (आजाद सिपाही)।** आज अनिश्चितकालीन बंदी के तीसरे दिन भी व्यापारियों ने अपनी अपनी दुकानें स्वतः बंद रखकर कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक का जोरदार विरोध किया। वहीं दूसरी ओर चेम्बर के पदाधिकारी व व्यापारियों ने गुमला विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक भूषण तिर्की के आवास में जाकर आज एक ज्ञापन सौंपा जिसमें उनसे उपरोक्त विधेयक के विरोध में साथ देते हुए आमजनता व व्यापारियों के हित में उनके द्वारा समर्थन देने की अपील की व इस संबंध में राज्यसरकार से वार्ता करने तथा पत्राचार करने की भी अपील की है। चेंबर की आग्रह पर उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए झारखंड सरकार के कृषि मंत्री माननीय बादल पत्रलेख जी से उनके फोन पर वार्ता की तथा राज्यहित, व्यापारिहित, आम उपभोक्ताओं के हित में उपरोक्त विषय पर कोई रास्ता निकालते हुए इस विषय पर हस्तक्षेप करने की बात कही एवं चेंबर प्रतिनिधियों से विधायक भूषण तिर्की ने कहा की वे व्यापारी वर्ग के साथ खड़े हैं। विधायक जी से मुलाकात करने वालों में नेतृत्वकर्ता सह निर्वर्तमान अध्यक्ष हिमांशु केशरी, अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, सचिव दिलीप गुप्ता, सह सचिव बबलू वर्मा, कार्य सदस्य राजेश सिंह, मुन्नीलाल साहु, अभिजीत जायसवाल रॉकी, राजीव रंजन श्रीवास्तव, गुन्नू शर्मा, काजल कुमार, प्रदीप सोनी, प्रणय साहू, रितेश गुप्ता, आदित्य गुप्ता, नीरज गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष दामोदर कसेरा, सरजू साहु, पवन अग्रवाल, सहित अशोक अग्रवाल, दुर्गा गुप्ता, गुड्डू कुमार, संजू साहु, सुधीर साहु, रूपक साहु, सुनील साहु, रिंकू साहु, मो मकसूद, पवन गुप्ता, किशोर राम, लक्ष्मण सिंह, गोकुल अग्रवाल, शांतिलाल अग्रवाल सहित कई लोग उपस्थित थें।

## गुमला नगर परिषद बोर्ड की बैठक में लिए गये कई महत्वपूर्ण निर्णय

# बस स्टैंड और चौक-चौराहों का होगा सौंदर्यीकरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को गुमला नगर परिषद बोर्ड की बैठक आयोजित हुई। बैठक में शहर के विकास और समसामयिक विषयों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में बस स्टैंड, टाउन हॉल, पटेल चौक, टावर चौक, नगर परिषद कार्यालय आदि के सुंदरीकरण एवं साज सज्जा कार्य का निर्णय लिया गया। शहर के लिए स्थानीय स्तर पर नई विज्ञापन नीति तथा शहर के लिए पार्किंग नियमावली बनाने का निर्णय लिया गया।



### नाम परिवर्तन

सप्ताह में दो बार लगने वाले बाजार स्थल का नाम 'बाजार टांड़' से बदलकर 'गुमला हाट' किया गया।

### कुछ संवेदनशील निर्णय

स्वच्छता कर्मचारियों के हित में संवेदनशीलता से सोचते हुए निर्णय लिया गया कि सभी स्वच्छता कर्मियों का अनिवार्य रुप से समूह बीमा करवाया जाए ताकि किसी भी विषम परिस्थिति में उनके परिजनों का भविष्य सुरक्षित रहे। इसी सप्ताह स्वच्छता कर्मी श्री मनोज मिंज का निधन हो गया था उनकी आश्रिता पत्नी को नगर परिषद में काम पर रखने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार पूर्व वार्ड पार्षद स्व. कृष्णा राम की आश्रिता पत्नी को भी नगर परिषद में अस्थाई कर्मचारी के रूप में सेवायोजित करने का निर्णय लिया गया।

### सफाई के लिए देना होगा यूजर चार्ज

तय किया गया कि शहर के लोगों से मासिक स्वच्छता चार्ज वसूलनीय होगा। शीघ्र ही इस संबंध में नगर परिषद विस्तृत अधिसूचना जारी करेगा।
उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप सभी वार्डो के लिए पांच लाख रुपए तक की छोटी-छोटी नागरिक सुविधाओं संबंधी योजनाओं पर बोर्ड द्वारा स्वीकृति दी गई।
**बुक बैंक:** शहर में एक बुक बैंक बनाने संबंधी कार्यपालक पदाधिकारी के प्रस्ताव पर बोर्ड के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति दी। शहर के टीबी मरीजों को गोद लेने संबंधी ईओ के प्रशासनिक निर्णय पर भी बोर्ड ने घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की।
**अन्यान्य:** डिफॉल्टर आवंटियों से खाली कराई जा रही दुकानों का नये सिरे से आवंटन करने के लिए अब लॉटरी प्रक्रिया की वजाय नीलामी प्रक्रिया अपनाई जाएगी, अर्थात सर्वोच्च बोली दाता के नाम से संबंधित दुकान आवंटित की जाएगी। विमर्श हुआ कि आगामी वित्तीय वर्ष के लिए नगर परिषद के राजस्व संग्रह का लक्ष्य दोगुना रखा जाये।
बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद के अध्यक्ष दीपनारायण उरांव ने की जबकि धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष श्री कलीम अख्तर ने तथा संचालन कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने किया। इस दौरान वार्ड पार्षदगण तथा नगर परिषद कर्मचारी मौजूद थे।

### राजस्व प्रबंधन पटरी पर लाने के लिये ईओ की हुयी तारीफ

पिछली तिमाही में नगर परिषद कार्यालय द्वारा राजस्व प्रबंधन को लेकर लिए कड़े निर्णयों के लिए बोर्ड के सदस्यों ने कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार की तारीफ की। बोर्ड बैठक में नगर निकाय के नए राजस्व स्रोतों के सृजन के साथ-साथ शहर में पहले से अवस्थित उन राजस्व स्रोतों को अधिग्रहीत करने का निर्णय लिया गया जो फिलहाल अन्य विभागों के कब्जे में हैं। निर्णय लिया गया कि जल्द ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस को समर्पित एक स्मारक स्थल का शहर में निर्माण कराया जाएगा।

# फ्लैग मार्च निकाला



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** महा शिवरात्रि पर्व में लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शुक्रवार को प्रखंड में सार्जेंट अर्जुन माहथा के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना परिसर से ब्लॉक कार्यालय, बसिया रोड, सिसई बस्ती होते हुए कुम्हार मोड़ से वापस थाना परिसर पहुंची। इस दौरान प्रशासन ने आम जनता से आपसी सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में महाशिवरात्रि पर्व मनाने का अपील कि या। फ्लैग मार्च में एसआई संत कुमार मेहता,भवेश कुमार, मिनकेतन कुमार सहित पुलिस अधिकारी एवं भारी संख्या में महिला व पुरुष जवान शामिल थे।

# कलश यात्रा का आयोजन किया गया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सिरकोट शिव पूजा समिति द्वारा शुक्रवार को कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस क्रम में सिरकोट ग्राम स्थित शिव मंदिर से 251 महिलाएं और बच्चियां द्वारा कलश लेकर घोड़ा टांगर ग्राम स्थित तालाब पहुंचे। जहां आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरी कराया गया। वही कलश में जल भरी के साथ जय श्री राम, बोल बम के उद्घोष के साथ पुनः सिरकोट ग्राम स्थित शिव मंदिर पहुंचे जहां भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। अचार्य द्वारा पूजन पाठ व हवन कराया गया। इस मौके पर समिति के सदस्यों ने बताया कि सिरकोट स्थित टंगरा में शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक का कार्यक्रम के साथ पूजन हवन प्रसाद का वितरण किया जाएगा। साथ ही शिवरात्रि के दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें नागपुरी भोजपुरी जैसे गीतों पर कलाकारों द्वारा नृत्य व गीत प्रस्तुत की जाएगी। कलश यात्रा में मुख्य रूप से उपस्थित कृष्ण मोहन सिंह, विपिन बिहारी सिंह, अशोक तिवारी, तपेश्वर नाथ राय, सोमनाथ साहू, रामस्वरूप सिंह, राजू सिंह तोमर, प्रियंका सिंह, राधा देवी, सुनीता देवी, सोनी देवी, सुमति देवी, सुलेखा देवी, लीलावती देवी सहित सैकड़ों महिलाएं व बच्चियां शामिल हुए।

# राज्य स्तरीय पदाधिकारियों की टीम ने अनुश्रवन किया

**भरनो (आजाद सिपाही)।** जेसीआरटी के सलाहकार, कमला सिंह, जय किशन, केयर इंडिया प्रभारी, दिव्यानी परिमल फाउंडेशन जिला समंवयक, गुमला, सभी पदाधिकारियों ने विद्यालय में चल रहें आइसीटी, एफएलएन,स्मार्ट क्लास,लेसन पालन, साइंस लैब इत्यादि सभी गतिविधियों पर अनुश्रवन किये, +2 उच्च विद्यालय, बालक मध्य विद्यालय, बालिका मध्य विद्यालय, कस्तूरबा विद्यालय में चल रहे विभिन्न गतिविधियों में प्रकाश डालें और इस दौरान सभी गतिविधि संचालित मिली और गुणवता को बढ़ाने के लिए विशेष जोर देने की बाते कही। अनुश्रवन टीम के साथ प्रखंड से शिक्षा विभाग के समस्त पदाधिकारी शामिल हुए। जिसमें प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति मुनि तिर्की प्रखंड साधन सेवी समीम एजाज, लेखापाल राजदीप कुमार, संकुल, साधन सेवी, विजय कुमार, मध्यान भोजन प्रभारी अर्जुन केशरी, रिसोर्स शिक्षक रंजीत कुमार महतो, विरेंद्र कुमार उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ में आयोजित मिलेट कार्निवाल में शामिल होंगे गुमला जिला के प्रतिभागी

# ग्रामीण महिलाएं लगाएंगी स्टॉल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** छत्तीसगढ़ में 17 फरवरी से 19 फरवरी तक मिलेट कार्निवाल का किया जा रहा है आयोजन जिसमें देश भर के विभिन्न जिलों से मिलेट (बाजरा व अनाज) से निर्मित विभिन्न प्रकार के उत्पादों का स्टॉक लगाया जायेगा ।जिसके तहत गुमला जिले में निर्मित रागी के लड्डू का भी स्टॉल लगाया जा रहा है। यह स्टॉल भी जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा ही लगाया जायेगा। जिला प्रशासन गुमला के द्वारा छत्तीसगढ़ मिलेट कार्निवाल में शामिल होने वाले प्रतिभागियों का आज जिले से प्रस्थान हुआ। उपायुक्त सुशांत गौरव ने हरी झंडी दिखा कर प्रतिभागियों को रवाना किया। उपायुक्त ने बताया कि गुमला जिले की ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित जोहार रागी के लड्डू का लांच कुछ ही दिनों पहले किया गया है। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्तर पर निर्मित मिलेट कार्निवाल में जहां देश भर के विभिन्न जिलों से लोग आकर अपना स्टॉल लगायेंगे वहीं गुमला जिले को भी एक स्थान मिला है अपने इस प्रोडक्ट को बड़े लेवल पर लेकर जाने का। उपायुक्त ने कहा कि रागी से निर्मित लड्डू को जिला भर के लोग बेहद पसंद कर रहें हैं लोगों के ही फीडबैक के आधार पर इसे बड़े लेवल के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि वहां से मिलने वाले फीडबैक के आधार पर हम अपने प्रोडक्ट को और बेहतर करने का प्रयास करेंगे साथ ही और भी नये प्रकार के प्रोडक्ट का निर्माण करेंगे। इसके साथ ही उपायुक्त ने सभी दीदियों को इस कार्निवाल में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी साथ ही अन्य जिलों से लगाये गये स्टॉल्स से भी कुछ न कुछ सीखने की सलाह दी।

# 24 घंटे के अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** प्रखंड के मुर्गू गांव स्थित चरैयानाथ धाम मंदिर में महाशिवरात्रि को लेकर 24 घंटे का अखंड हरिकृतन का शुभारंभ शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। कलश यात्रा में 351 कन्याएं शामिल हुई। कलश यात्रा की शुरूआत मंदिर परिसर से नागफेनी स्थित कोयल नदी तट पहुंची। जहां मंदिर के पुजारी श्रीकांत गिरी, जनक गिरी एवं विनोदानंद पाठक के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ जल उठाकर कलश यात्रा मुर्गू मोड़, सुपाली होते हुए मंदिर परिसर पहुंचकर जलाभिषेक किया गया। मंदिर के पुजारी श्रीकांत गिरी ने बताया कि अखंड हरीकृतन में आस पास के विभिन्न गांवों के 10 कृतन मंडली भाग लेंगे। कार्यक्रम का समापन रविवार को भंडारे के साथ किया जायेगा। वहीं ओल्मुण्डा पंचायत के असरो गांव में बुढ़ा महादेव मंदिर परिसर से पोढ़ा पान टोली स्थित कोयल नदी तक कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें 551 कन्याओं ने भाग लिया। मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड हरीकृतन के साथ भंडारा और रविवार को ठेठ नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा में मौके पर विश्व हिंदू परिषद के केशव चंद्र साय, संजय वर्मा, कन्हैया कुमार यादव, बसंत साहू, दयानंद यादव, कुलदीप साहू, प्रकाश साहू, तेजमोहन सिंह, पुनम देवी, शुभम गिरी, आनंद गिरी, रौशन जायसवाल, सुमित सोनी, जगदेव सिंह, नंदकिशोर पाठक, ब्रजेश चौधरी, रौशन राम केवट, अनुज चौधरी, राजेश चौधरी सहित कई लोग थे।

# स्वच्छ भारत मिशन अभियान चलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के चुंदरी पंचायत के जलसहियाओ ने शुक्रवार को महूगांव गांव में स्वच्छ भारत मिशन अभियान चलाया गया। इस क्रम में जलसहियाओ ने महुगांव गांव के सभी घरों में जाकर लोगों को स्वच्छता के बारे में जानकारी दी और एक-एक बोरा अपने घरों के बाहर टांगने की सलाह दी। ताकि घर में यूज के बाद फेंकने वाले प्लास्टिक कचरा को उस में डाला जा सके। खेत खलियान में प्लास्टिक फेंके जाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति खत्म ना हो साथ ही मवेशी उसका सेवन ना कर सके जिससे उसके जीवन पर खतरा मंडरा सके। इसके साथ ही प्रत्येक व्यक्तियों को शौचालय का उपयोग करने की भी सलाह दी गई। ताकि किसी भी व्यक्ति को खुले में शौच के बाद उक्त गंदगी के कारण बीमारी के प्रकोप में ना आना पड़े। ग्रामीणों को यह भी बताया गया की गंदगी के कारण कई लोग बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। इसके साथ ही अपने घरों के बाहर छोटी बाड़ी में ईडन गार्डन बनाएं और गार्डन में सब्जी लगाएं और जिसका उपयोग करें ताकि लोगों को पोस्टिक साग सब्जी मिल सके। इस मौके पर जलसहियाओं में ललिता उरांव, रीणा उरांव, जगमनिया कुमारी, सहपति देवी, जतरी देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# शैक्षणिक हड़ताल का दिखा असर

**बसिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य वित्तरहित संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर आज बसिया इंटर कॉलेज मे शैक्षणिक हड़ताल का पूरा पूरा असर देखा गया। इस शैक्षणिक हड़ताल के कारण यहाँ पन्द्रह सौ से अधिक छात्रों का पठन-पाठन ठप रहा। इस हड़ताल के संबंध में बताते हुए महाविद्यालय के शिक्षक इन्द्रदेव भगत ने बताया कि विधि सम्मत जांच कराने, जैक बोर्ड का गठन करने और अनुदानित कॉलेजों को घटानुदान देने की तीन सूत्री मांगों को लेकर यह हड़ताल किया गया। मिली जानकारी के अनुसार हड़ताल के दौरान प्रो.बसंती साहु, प्रो.निरल अनुकरण होरो, प्रो.एम्मा सरोजिनी केरकेट्टा, प्रो.अभिषेक, प्रो. जगत साहु सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों ने महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर तालाबंदी करते हुए आहुत कार्यक्रम में भाग लिया।

## पालकोट प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाके बिलिंगबिरा के टोलों में पहुंची उपायुक्त के साथ जिला प्रशासन की टीम

# बिलिंगीबिरा पंचायत के भौंरा टोली एवं पीढ़ाचट्टान टोली में लगाया गया जनता दरबार, उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की बात

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** पालकोट प्रखंड के बिलिंगबिरा पंचायत अंतर्गत भौंरा टोली एवं पीढ़ाचट्टान टोली जैसे सुदूरवर्ती नक्सलप्रभावी इलाके का उपायुक्त सुशांत गौरव ने भ्रमण किया। इस दौरान उप विकास आयुक्त, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। इस दौरान उपायुक्त द्वारा भौंरा टोली एवं पीढ़ाचट्टान टोली में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जहां उपायुक्त ने सभी ग्रामीणों की समस्या सुनी एवं उपस्थित संबंधित पदाधिकारियों को समस्याओं के निवारण के लिए आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त ने सभी ग्रामीणों को सरकार के विभिन्न कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दी साथ ही विभिन्न विभागों अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों से अवगत करवाया। उपायुक्त ने मुख्य रूप से ग्रामीणों को साल में कमसे कम 2 बार खेती करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि ऐसे बहुत सी खेती है जिसमें कम पानी एवं



खाद की आवश्यकता पड़ती है उदाहरण के तौर पर रागी की खेती से किसानों को अवगत करवाया साथ ही उन्होंने रागी से मिलने वाले पोषण तत्वों से किस प्रकार से पूरे गांव को कुपोषण से बचाया जा सकता है उस विषय में भी जानकारी दी। इस दौरान उपायुक्त ने हड़िया दारू छोड़ने हेतु लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनायें विकास के लिए दी जाती है, ग्रामीण जब तक हड़िया दारू नहीं छोड़ेंगे तब तक गांव का विकास असंभव है। हड़िया दारू से बचने वाले पैसों को शिक्षा एवं पौष्टिक आहार में लगाते हुए बच्चों एवं स्वयं को तंदुरुस्त बनाने को कहा। उन्होंने गांव में अधिक उत्पादित होने वाले उत्पादों को ही आपस में समन्वय स्थापित करते हुए उसकी बिक्री को बढ़ाने को बात कही। उन्होंने कहा कि गांव में उत्पादित वस्तुओं को ही यदि प्रोसेसिंग और पैकेजिंग कर दिया जाये तो शहरों में वही वास्तु दुगने दाम पर बिकेगा। इसके अलावा उपायुक्त ने सभी बच्चों का समय पर टीकाकरण करवाने, बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने, साग एवं सब्जी का अधिक से अधिक सेवन करने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। मौके पर उपस्थित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने ग्रामीणों को पौष्टिक आहार के विषय में जानकारी दी।

### खाने में मूंगे के पत्ते को नियमित रूप से शामिल करने की बात कही

उपायुक्त एवं पूरे जिला प्रशासन की टीम को देख कर दोनो ही गांव के ग्रामीणों की खुशी का ठिकाना न रहा, उन्होंने कहा कि पहली बार गांव में उपायुक्त हमारे बीच हमारी समस्या को सुनने आएं है जिसके लिए सभी ग्राम वासियों ने उपायुक्त को सह हृदय धन्यवाद किया।ग्रामीणों ने उपायुक्त के समक्ष कई समस्याओं को रखा जिसमें से आंगन वादी केंद्र निर्माण, सड़क निर्माण, स्कूल की व्यवस्था में सुधार, पानी की समस्या, डीप बोरिंग एवं तालाब निर्माण जैसी मांग की । जिसपर उपायुक्त ने एक एक कर सभी आवश्यकताओं को नोट करते हुए जल्द ही पूरा करने की बात कही। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा दिए गए सभी प्रस्तावनाओं को स्वीकार करते हुए जल्द ही इस पर कार्य योजना बना कर कार्य करने का आश्वासन गांव वालो को दिया । उपायुक्त ने पूरे गांव का पैदल भ्रमण करते हुए वहां की समस्याओं से अवगत हुए । भ्रमण के दौरान पानी की समस्या एवं सड़क की समस्या देखने को मिला जिसे ठीक करने हेतु उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को प्रस्ताव बनाने का निर्देश दिया। इस दौरान आंगनवाड़ी केंद्र एवं विद्यालय के बच्चों से भी उपायुक्त ने मुलाकात की। उन्होंने बच्चों से बात की एवं उन्हें मिलने वाली सुविधाओं से अवगत हुए।उपायुक्त ने दोनो ही टोलो के विद्यालय में फाउंडेशन लर्निंग एंड न्यूमेरिक की शुरूआत करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बच्चों के खाने में मूंगे के पत्ते को नियमित रूप से शामिल करने की बात कही।

## पलामू में शांति बहाली के लिए जिला प्रशासन ने दोनों समुदायों के साथ की बैठक

# महाशिवरात्रि के दिन सिर्फ पांच लोग ही मंदिर में करेंगे पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर तोरणद्वार बनाने को लेकर हुए विवाद के बाद शुक्रवार को शांति बहाली के लिए दोनों समुदायों के लोगों के साथ जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मस्जिद में सिर्फ चार लोग ही जुमे का नमाज अदा करेंगे जबकि महाशिवरात्रि के दिन सिर्फ पांच लोग ही मंदिर में पूजा करेंगे। जिला प्रशासन शहर का माहौल सुधारने के लिए लगातार कवायद कर रहा है। इसी क्रम में पलामू जोनल आईजी राजकुमार लकड़ा, डीसी ए दोड्डे, एसपी चंदन सिन्हा ने आज दोनों समुदायों के लोगों के साथ बैठक की। इसमें दोनों समुदायों के पांच-पांच लोग शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर तोरणद्वार बनाने को लेकर बुधवार को दो समुदायों में विवाद हो गया। इसमें कई पुलिसकर्मी और आम लोग घायल हो गये। पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील है। पुलिस ने 100 नामजद समेत 1000 से अधिक अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया है। साथ ही मुखिया पति समेत 13 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य उपद्रवियों की धड़पकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस बलों ने गुरुवार को फ्लैग मार्च निकाला था। पलामू में इंटरनेट सेवा को 19 फरवरी सुबह 10 बजे तक के लिए बंद कर दिया गया है।

# दो दिनों से इंटरनेट की सुविधा बंद होने से सरकारी व आम लोगों का कार्य प्रभावित

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** जिले के पांकी में दो पक्षों के उत्पन्न विवाद के कारण दो दिनों से इंटरनेट की सुविधा बंद होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। बैंक, स्कूल के साथ व्यापार व अन्य क्षेत्र पर भी इसका असर दिख रहा है। सरकारी व आम लोगों के कई तरह के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।इस दौरान हरिहरगंज व पीपरा प्रखण्ड कार्यालय परिसर में सन्नाटा पसरा हुआ देखा गया। कार्यालय में अधिकारी मौजूद हैं लेकिन इंटरनेट सेवा बंद रहने से अधिकारी कार्य नहीं कर पा रहे हैं।वहीं ब्लॉक और अंचल से संबंधित कार्य के लिए लाभुक आ रहे हैं और उलटे पांव लौट रहे हैं, जिससे प्रखण्ड परिसर में सन्नाटा पसरा हुआ है।बता दें कि इंटरनेट सुविधा उपलब्ध रहने पर लाभुकों की चहल पहल रहती थी।

# नेशनल आइटीआई में व्यावसायिक शिक्षा व आइटी के छात्रों का हुआ औद्योगिक भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू ।** प्रखण्ड क्षेत्र के कौआखोह स्थित नेशनल आईटीआई कॉलेज में शुक्रवार को व्यावसायिक शिक्षा के तहत छात्रों को आईटी और इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर का औद्योगिक भ्रमण कराया गया। इस संबंध में नेशनल आईटीआई कॉलेज के निदेशक राजीव रंजन ने बताया कि नौडीहा बाजार प्रखण्ड के आरकेएसएसबीएस प्लस टू नामुदाग के 80 से अधिक आये छात्रों को कॉलेज के अनुदेशक अरविन्द कुमार सिंह के द्वारा इलेक्ट्रिशियन से जुड़े सभी टूल्स एवं मशीन की जानकारी दी गई। वहीं फिटर अनुदेशक कुंदन कुमार सिंह ने फिटर टूल्स एवं संचालित कर मशीन की जानकारी छात्रों को दिया। जबकि आईटी लैब के अनुदेशिका रमी सिंह के द्वारा सभी छात्रों को इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी से संबंधिक जानकारी दी गई। वहीं राजीव रंजन ने बताया कि आगामी 20 फरवरी को प्रखण्ड के ही सीता प्लस टू हाई स्कूल हरिहरगंज के छात्रों को भी व्यावसायिक शिक्षा के तहत छात्रों को आईटी और इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर का औद्योगिक भ्रमण करायाजाएगा।उन्होंने कहा कि नेशनल आईटीआई संस्थान में छात्रों को स्कूली शिक्षा के साथ साथ रोजगारपरक शिक्षा देकर रोजगार हेतु तैयार किया जाता है। इस दौरान नेशनल आईटीआई संस्थान के अनुदेशक प्रशांत कुमार, राहुल ठाकुर, आसुतोष कुमार के अलावा नामुदाग के शिक्षक अनवर अंसारी तथा विकास कुमार गुप्ता मौजूद थे।

# शिवा बीघा गांव के ग्रामीणों ने डीलर पर राशन नहीं देने का लगाया आरोप



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** जन वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को मिलने वाला अनाज लाभुकों तक सुलभ रूप से नहीं पहुंच रहा है। अनाज वितरण में धांधली हो रही है तभी तो लाभुक अक्सर शिकायत लेकर अधिकारियों के पास पहुंचते हैं। लाभुक द्वारा राशन नहीं मिलने की शिकायत अक्सर वरीय पदाधिकारी के पास करते हैं। इसी तरह की शिकायत हुसैनाबाद प्रखंड के बनियाडीह बराही पंचायत पंचायत के शिवा बीघा गांव से आया है। गांव के दर्जनों लाभुकों ने इसकी लिखित शिकायत बीडीओ सह प्रभारी एमओ से की है। बताया कि प्रति व्यक्ति 5 किलोग्राम की जगह डीलर द्वारा कटौती कर 4.50 किलोग्राम ही राशन दिया जा रहा है।पूछने पर बताया जाता है कि हमे ऊपर से ही कटौती कर राशन दिया जाता है।साथ ही उन्होंने बताया है कि दिसंबर-2022 माह का राशन भी अभी तक वितरण नही किया गया है और डीलर द्वारा इपॉस मशीन में अंगूठा लगवाकर पर्ची निकाल लिया जाता है। वह पर्ची भी हमलोगों को नही दिया जाता है। शिवा बीघा गांव के ग्रामीण दीपन राम, संतोष पासवान, कामेश्वर पासवान, घनश्याम यादव, रवि कुमार यादव,उपेंद्र यादव, महेंद्र यादव, बिनोद यादव, कृष्णा यादव, रामबली यादव, आलोक कुमार सिंह, शंकर यादव, मीना देवी, प्रमिला देवी, रामाशीष यादव, संजू देवी, अनिता देवी, गोपाल यादव, सोना देवी, साहित दर्जनों अन्य लाभुकों ने प्रभारी एमओ को पत्र देकर बताया है कि पीडीएस दुकानदार नव दुर्गा स्वयं सहायता समूह व बृजनंदन पासवान द्वारा उन्हें अब तक दिसम्बर माह का राशन नहीं दिया गया है। लाभुकों ने पंचायत के मुखिया सुदामा यादव से भी मिलकर उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। मुखिया ने बताया कि सरकार द्वारा निशुल्क एवं निर्धारित मूल्य पर गरीब लोगों को राशन उपलब्ध कराया जाना है, इसमें लापरवाही ठीक नहीं है। मुखिया ने मामले को लेकर वरीय अधिकारियों से बात कर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही।

# उप डाकपाल को मातृ शोक, लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** जपला मुख्य डाकघर के उप डाकपाल विनोद चौधरी की माँ पुनिया देवी 75 वर्ष का निधन हो गया । उनका अंतिम संस्कार पैतृक निवास औरंगाबाद जिला के कुटुम्बा थाना अन्तर्गत देवरिया गाँव स्थित श्मसान घाट पर किया गया । अन्तिम यात्रा में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से अरविन्द ओझा,देवेन्द्र नाथ गुप्ता, श्रवण कुमार, रंजीत सिंह,डाक अधिदर्शक रवि कुमार है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में डाक निरीक्षक सुमन कुमार समानता, रंजीत कुमार, रत्नेश कुमार, पप्पू कुमार, संतोष टुड्डू, भोला कुमार, विक्रम कुमार ,अरुण सिंह,सुधीर ठाकुर, संतोष ठाकुर,शिवकुमार विश्वकर्मा, सौरभ अग्रवाल, राजकुमार, कैलास मेहता,रविकांत सिंह,सुरेन्द्र ठाकुर सहित शाखा डाकघर के सभी शाखा डाकपाल एवं डाककर्मी प्रमुख हैं ।


झारखण्ड सरकार

## कारा निरीक्षणालय मंडल कारा,चतरा

### ई–निविदा सूचना

1. कारा का नाम – मंडल कारा, चतरा।
2. विषय – कारा में खाद्यान्नों खस्सी मांस एवं अन्य विभिन्न सामग्रियों की आपूर्त्ति के निमित ई0– निविदा का आमंत्रण। (वार्षिक निविदा दिनांक 01.04.2023 से 31.03.2024 तक)।
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य ( Non refunfable ) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में अधीक्षक, मंडल कारा, चतरा के पदनाम से होगा जो निम्न प्रकार है–
   - (i) रू0 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रू0 2,500.00 ( दो हजार पाँच सौ रूपये ) मात्र।
   - (ii) रू0 10.00 से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु रू0 5,000.00 ( पाँच हजार रूपये ) मात्र।
   - (iii) रू0 50.00 लाख से ऊपर तक की सामाग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु रू0 10,000.00 ( दस हजार रूपये ) मात्र।
4. Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि– 03.03.2023 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से 11.03.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा जमा करने की तिथि 03.03.2023 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से 11.03.2023 के अपराहन 05:00 बजे तक।
6. Tender Fee, EMD का Original Copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample) दिनांक – 12.03.2023 एवं 13.03.2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक मंडल कारा, चतरा के कार्यालय में जमा करना होगा।
7. निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान– 14.03.2023 को पूर्वाहन 11:00 बजे उप विकास आयुक्त, चतरा की उपस्थिति में उनके कार्यालय कक्ष में।
8. उपरोक्त संबंधित निविदा Website jharkhandtenders.gov.in पर e-Tender द्वारा ही प्राप्त/स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त Website पर प्राप्त किया जा सकता है।
9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक मंडल कारा,चतरा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
मंडल कारा, चतरा

PR 290569 Home(22-23)D



झारखण्ड सरकार

## ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

### ई–अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:- **238/RI/2022-23/RWD/LATEHAR** दिनांक :- **17.02.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ LATEHAR/10/ SRPKG-01/ 2022-23 | (i) सुरकुमी गाँव से चिरोपाट कुकुद पथ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 5.600 कि0मी0) | 8,23,80,200.00 | आठ करोड़ तेईस लाख अस्सी हजार दो सौ रू0 मात्र | 18 माह | द्वितीय |
| | | (ii) पोखरीकला से कुसाहाबथान औरंगानदी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.900 कि0मी0) | | | | |
| | | (iii) केन्द्रीय विद्यालय लातेहार से भाया मोंगरा तुरूडीह, निन्दिर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 8.200 कि0मी0) | | | | |
| | | (iv) चटनाही पी0डब्लू0डी0 रोड से बाजकुम आर0ई0ओ0 रोड भाया नवोदय स्कूल तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.100 कि0मी0) | | | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **20.02.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **27.02.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **लातेहार** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– **28.02.2023** पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– **01.03.2023** पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **लातेहार** के पक्ष में एवं **लातेहार** में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मेन्ट सेल

**PR 290607 Rural Work Department(22-23)#D**



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

### ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/14/2022-23/RE-1

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला योजना अनावद्ध मद अंतर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-Procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

**1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–**

| क्र० सं० | ग्रुप सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 01 | प्रखण्ड–सिमरिया, पंचायत–बगरा, ग्राम–बगरा में सायरा खातुन के घर से मध्य विद्यालय तक गार्डवाल निर्माण। | 24,05,830.00 | 48,200.00 | 5000.00 | 02 माह |
| 02 | 02 | प्रखण्ड–कुन्दा, पंचायत–सिकीदाग, ग्राम–लोटवा में राजेश भारती के घर से छठ घाट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 22,00,530.00 | 44,100.00 | 5000.00 | 03 माह |
